RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक
Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.pathakpaksh.com)

# पाठकपक्ष

वर्ष : 37 | अंक : 07
हिसार | मंगलवार, 9 अप्रैल, 2024
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए पृष्ठ ६







# पूर्व मंत्री बीरेंद्र सिंह कांग्रेस में शामिल, बोले- हुड्डा मेरी बुआ का छोरा







**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 9 अप्रैल :** भाजपा में रहते हुए एक अरसे से बगावत का झंडा उठाए पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह ने मंगलवार को घर वापसी कर ली। चौधरी बीरेंद्र सिंह के साथ उनकी पत्नी प्रेमलता भी कांग्रेस में शामिल हो गई। उधर भाजपा को भी अनुमान था कि हरियाणा से ताल्लुक रखने वाले बीरेंद्र सिंह कांग्रेस में वापसी करेंगे। चौधरी बीरेंद्र सिंह ने दावा किया था कि उनके साथ दो विधायक भी कांग्रेस में शामिल होंगे। लेकिन मंगलवार को कांग्रेस में वापसी के वक्त उनके साथ कोई विधायक नही था। करीब एक महीने पहले बीरेंद्र सिंह के बेटे बृजेंद्र सिंह ने भारतीय जनता पार्टी छोड़ कांग्रेस की सदस्यता ली थी। बृजेंद्र सिंह हिसार से निवर्तमान लोकसभा सदस्य हैं। साल 2019 में बृजेंद्र सिंह ने आईएएस की नौकरी छोड़कर सियासत में कदम रखा था।

बीरेंद्र सिंह के संबोधन से पहले ही लोगों ने नारे लगाने शुरू कर दिए। इस पर वह नाराज हो गए। उन्होंने कहा कि पहले मेरे को बोल लेने दो, नहीं तो मैं भूल जाऊंगा। उन्होंने कहा कि आज यहां हरियाणा से ही नहीं, दिल्ली से भी हमारे कई साथी यहां आए हैं। भूपेंद्र हुड्डा हरियाणा में विपक्ष के नेता हीं नहीं, वह दस साल तक मुख्यमंत्री रहे हैं। वह मेरी बुआ का छोरा है। बीरेंद्र सिंह ने कहा कि 52 साल हो गए हैं मुझे इस धंधे में। मैं अच्छा ज्योतिषी बन सकता हूं। मेरे हरियाणा के नेता एक दिन टाइम दे दो। मैं उस दिन एक डेढ़ लाख इकट्ठा कर दूंगा। इनका बोरिया बिस्तर गोल कर दूंगा। चौधरी बीरेंद्र सिंह पत्नी प्रेमलता के साथ कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे। मुख्यालय में उनके साथ रणदीप सुरजेवाला भी मौजूद रहे। चौधरी बीरेंद्र सिंह पत्नी प्रेमलता के साथ कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे। मुख्यालय में उनके साथ रणदीप सुरजेवाला भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि बीजेपी हमारे लिए कहती है परिवारवाद, अब बहन, भाइयों को लेकर भी चलना परिवारवाद में आता है तो मैं क्या कर सकता हूं। उन्होंने कहा कि भाजपा अपना एक भी बंदा नहीं बना पाई। कांग्रेस ने जो मुझे दिया है, वह कोई और दे नहीं सकता। उन्होंने किसान आंदोलन को लेकर कहा कि कुछ किसान भाई मुझसे मिलने आए थे। उन्होंने कहा था कि हमारी सरकार से बात कराओ। किसानों ने कहा कि कम से कम वह बात तो करो, जो भूपेंद्र सिंह हुड्डा करते हैं, एमएसपी की। उन्होंने मना कर दिया, फिर मैंने कहा कि कुछ और बताओ। मैंने कहा कि एमएसपी नहीं हो सकती तो कम से कम एक बैंच मार्क तो बना दो। उन्होंने कहा कि इस सरकार में किसानों को कुछ नहीं मिला। गरीबों को कुछ नहीं मिला। इस इंसाफ के लिए हमारा जो घोषणा पत्र आया है उसके अंदर एक-एक बिंदु को हमने देखा है। इस वास्तविकता से भाजपा कोसों दूर हैं। ये ग्लिसरीन लगाकर किसानों और गरीबों के लिए रोते हैं। बीरेंद्र सिंह और उनकी पत्नी प्रेमलता के कांग्रेस जॉइनिंग को लेकर हरियाणा भाजपा में भी हलचल शुरू हो गई है। चर्चा है कि हरियाणा भाजपा के 4 से 5 विधायक चौधरी बीरेंद्र सिंह के संपर्क में हैं। संभावना जताई है कि ये विधायक कांग्रेस जॉइन कर सकते हैं। चर्चा है कि जो विधायक नाराज हैं उन्हें आने वाले विधानसभा में टिकट देने का प्रलोभन दिया गया है। चंडीगढ़ में सीएम के डिनर पर भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई है। सीएम नायब सैनी और पूर्व सीएम मनोहर लाल भी लगातार नाराज विधायकों के संपर्क में बताए जा रहे हैं। इस अवसर पर हिसार से उनके समर्थक उदयवीर पूनिया और विजय कोशिक भी उपस्थित थे।

### किसान नेता सर छोटूराम के नाती हैं : बीरेंद्र सिंह

*जाटों के दबदबे वाले जींद और इससे लगते एरिया को बांगर बेल्ट कहा जाता है और इस इलाके में किसानों के बड़े नेता रहे सर छोटूराम के नाती बीरेंद्र सिंह की मजबूत पकड़ रही है। बीरेंद्र सिंह के परिवार का हिसार इलाके में भी बड़ा जनाधार है। एक बार खुद बीरेंद्र सिंह तो 2019 में उनके बेटे इस सीट से सांसद रहे हैं। जींद की उचाना सीट से 5 बार विधायक और दो बार राज्यसभा और एक बार लोकसभा सांसद रह चुके बीरेंद्र सिंह 43 साल तक कांग्रेस में रहने के बाद 2014 को लोकसभा चुनाव के बाद बीजेपी में शामिल हो गए थे। कांग्रेस छोड़ने के पीछे की वजह उनके पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ मतभेद रहे, लेकिन अब हुड्डा और बीरेंद्र सिंह फिर से एक-दूसरे के काफी करीब हो गए हैं। चौधरी बीरेंद्र सिंह ने अपना पहला चुनाव उचाना से 1977 में लड़ा और वह बड़े मार्जिन से जीत हासिल करते हुए एमएलए बने। इसके बाद 1982 में फिर से वह उचाना से ही विधायक चुने गए। हालांकि बीरेंद्र सिंह चर्चा में उस वक्त आए जब उन्होंने हिसार लोकसभा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओमप्रकाश चौटाला को बड़े मार्जिन से हरा दिया था। ये ही वो वक्त था जब बीरेंद्र सिंह जींद से बाहर निकलकर हिसार तक अपनी छाप छोड़ चुके थे। इसके बाद बीरेंद्र सिंह 1991 में फिर से उचाना से विधायक बने और लगातार 2009 तक इस सीट पर विधायक रहे। हालांकि बीरेंद्र सिंह का सीएम बनने का सपना था, जो पूरा नहीं हो पाया। कभी सीएम नहीं बन पाने की टीस उन्हें हमेशा से रही। वह खुद अनेक बार अलग-अलग मंचों से इसका जिक्र भी करते रहे।*

## कांग्रेस की सरकार बनने पर युवाओं के लिए रोजगार क्रांति की शुरुआत की जाएगी : कुमारी सैलजा

### कहा- उभरते खिलाड़ियों को प्रतिमाह प्रदान की जाएगी दस हजार रुपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति



**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 9 अप्रैल :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि पार्टी ने न्याय पत्र 2024 के माध्यम से एक नए भारत की रूपरेखा प्रस्तुत की है, जहां हर वर्ग के लोगों के लिए समान अवसर और उनकी आकांक्षाओं को साकार करने का वादा किया गया है, कांग्रेस की सरकार बनते ही देश के युवाओं को भर्ती का भरोसा देकर, एक रोजगार क्रांति की शुरुआत की जाएगी। मीडिया को जारी एक बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि कांग्रेस देश के करोड़ों युवाओं के लिए पांच बड़ी घोषणाएं कर रही है। इनमें सबसे पहली घोषणा है भर्ती भरोसा, इसके तहत देश के युवाओं को केंद्र सरकार के 30 लाख के करीब रिक्त पदों पर भर्ती की गारंटी दी जाएगी। दूसरी गारंटी पहली नौकरी की होगी। इसके तहत 25 वर्ष से कम उम्र के पढ़े-लिखे युवाओं को एक लाख रुपये सालाना यानि 8,500 रुपये प्रतिमाह की नौकरी की गारंटी दी जाएगी। इसके लिए सरकार प्रशिक्षुता का अधिकार कानून लाएगी। तीसरी गारंटी पेपर लीक से मुक्ति की दी जाएगी। इसके लिए भी सरकार एक कानून लेकर आएगी। उन्होंने कहा है कि सरकारी परीक्षाओं और सरकारी नौकरियों के लिए आवेदन पूरी तरह से निःशुल्क किए जाएंगे, व्यापक बेरोजगारी के चलते ब्याज सहित एजुकेशन लोन माफ किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से 12वीं तक की शिक्षा मुफ्त की जाएगी। उन्होंने कहा कि 21 वर्ष से कम आयु के उभरते खिलाड़ियों को दस हजार रुपये प्रतिमाह छात्रवृति प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने युवाओं से जो भी वायदा किया था उसे भूल गई। आज देश में बेरोजगारी चरम पर है, युवा रोजगार के लिए भटक रहा है और सरकार है कि रोजगार के नाम पर युवाओं को इजरायल भेजकर उन्हें युद्ध में झोंक कर जान जोखिम में डाल रही है। गुणवत्तापरक शिक्षा पर ध्यान नहीं दिया गया, सरकारी विभागों में लाखों पद खाली होने के बावजूद नौकरी नहीं दी गई। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली सरकार को एक मिनट भी सत्ता में बने रहने का हक नहीं है, देश की युवा शक्ति इस लोकसभा चुनाव में ही सरकार को सबक सिखाकर रहेगी।




## जन स्वास्थय विभाग के लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ दर्ज किया जाए केस : हिसार संघर्ष समिति

### *दो दिन पूर्व प्रशासन द्वारा सीवरेज के मिट्टी से भरकर छोड़े गए गड्ढे की वजह से बुजुर्ग महिला की हुई थी मौत*

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 अप्रैल :** हिसार संघर्ष समिति के अध्यक्ष जितेंद्र श्योराण दो दिन पूर्व सड़क पर खोदे गए गड्ढे के कारण एक बुजुर्ग महिला के मौत के मामले में आज बी. एंड आर. के अधिकारियों से मिले। उन्होंने कहा कि सीवरेज लाइन को ठीक करने के लिए जो गड्ढा खोदा गया था उसे ठीक ढंग से नहीं भरा गया और खानापूर्ति करके छोड़ दिया गया जिसके चलते बुजुर्ग महिला अकाल मौत का ग्रास बन गई जो कि दुखद एवं प्रशासन के प्रति निंदनीय है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के बाद जिस प्रकार से अब गड्ढे को कंकरीट डालकर रोड के लेवल का किया गया है उसी प्रकार पहले किया होता तो शायद उन बुजुर्ग महिला की जान बच जाती। जबकि पहले विभाग ने गड्ढे में केवल मिट्टी भरकर उसे यूं छोड़ दिया था।

जितेंद्र श्योरोण ने इसे सरासर प्रशासन की लापरवाही बताते हुए कहा कि इस मामले में जिन भी अधिकारियों ने अनियमितता बरती है उनके खिलाफ केस दर्ज किया जाना चाहिए ताकि भविष्य में कोई अधिकारी कर्मचारी इस तरह की लापरवाही न करे। प्रशासन द्वारा इस तरह की लापरवाही जनता के जीवन के साथ खिलवाड़ है।

समिति अध्यक्ष ने कहा कि इस रोड को बनाने के लिए हिसार संघर्ष समिति व स्थानीय लोगों ने कड़ा संघर्ष किया था। समिति ने इसके लिए आमरण अनशन तक किया और लंबे संघर्ष के बाद मिलगेट रोड बनकर तैयार हुआ। इस रोड के निर्माण कार्य में जो भी कमी रह गई हैं उन्हें अगले एक-दो सप्ताह में स्थानीय लोगों को साथ लेकर पूरा करवाया जाएगा।

जितेंद्र श्योराण ने कहा कि विभागों के आपसी तालमेल की कमी की वजह से किसी परिवार का अहम सदस्य चला गया। इसके लिए प्रशासन को पीड़ित परिवार की हर संभव सहायता करनी चाहिए और प्रशासन को इसकी जिम्मेवारी लेते हुए इसके जिम्मेवार अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लेना चाहिए। अगर इस गड्ढे को उसी समय मिट्टी की बजाय कंकरीट के साथ कवर कर दिया जाता जैसा कि अब किया गया है तो बुजुर्ग महिला की जान बच जाती। जन स्वास्थय विभाग के जो भी अधिकारी इस लापरवाही के लिए जिम्मेवार हैं उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज होना चाहिए।




## सर्वेश हेल्थ सिटी में कॉस्मेटिक गायनी व लेज़र विषय पर वर्कशॉप आयोजित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 अप्रैल :** सेक्टर 14 स्थित सर्वेश हेल्थ सिटी में कॉस्मेटिक गायनी व लेज़र को लेकर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें हिसार एवं आसपास से पहुंचे 15 से अधिक डॉक्टरस ने भाग लिया। यह ट्रेनिंग वर्कशॉप सर्वेश हैल्थ सिटी की सुप्रसिद्ध कॉस्मेटिक गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ ज्योत्सना कामरा एवं डॉ. सवाना जो कि मणिपुर की प्रसिद्ध कॉस्मेटिक गायनी सर्जन है के संयुक्त निर्देशन में हुई। इस वर्कशॉप में महिलाओं मैं होने वाली स्वास्थ्य समस्याएं जो ज्यादातर महिलाए नजरअंदाज कर देती हैं और बाद में यह समस्याए बड़ा रूप ले लेती है महिलाओं को किस तरह से अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाए इन विषय पर आधारित रही। बिना सर्जरी के इलाज किस प्रकार हो सकता है। इस विषय पर भी विस्तार से बताया गया। डॉ ज्योत्सना कामरा ने मणिपुर से इस वर्कशाप के लिए पहुंची डॉ स्वाना का स्वागत किया एवं धन्यवाद कहा उन्होंने बताया कि इस तरह की वर्कशॉप हिसार में पहली बार हुई है। मणिपुर से हिसार सर्वेश हेल्थ सिटी पहुंची प्रसिद्ध कॉस्मेटिक गायनी सर्जन डॉ. स्वाना ने कहा आज के युग में आधुनिक तकनीक का प्रयोग कर कॉस्मेटिक गायनी की जटिल समस्याओं से पूरी तरह छुटकारा पाया जा सकता है वह सर्वेश हेल्थ सिटी में उपलब्ध एडवांस लेज़र टेक्नोलॉजी, इंफ्रास्ट्रक्चर व मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधाओं को देखकर में बहुत प्रभावित हूँ व इस वर्कशॉप के सफल आयोजन पर डॉ ज्योत्स्ना कामरा और सर्वेश हेल्थ सिटी की टीम को बधाई देती हूँ!



# सम्पादकीय..........

## वीडियो बनाने और उसे लोगों तक पहुंचाने की इस आजादी के नकारात्मक व सकारात्मक पहलू...

*यूट्यूबर्स या यूट्यूब पर विचार व्यक्त करने वालों के लिए यह किसी खुशखबरी से कम नहीं कि सर्वोच्च न्यायालय ने उनके पक्ष को मजबूत किया है। न्यायालय ने यथोचित फैसला लेते हुए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी से जुड़े एक मामले में यूट्यूबर ए दुरई मुरुगन सत्ताई को दी गई जमानत बहाल कर दी है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने मुरुगन की जमानत रद्द करने के आदेश को निरस्त कर दिया है। साथ ही, यह भी स्पष्ट कर दिया है कि मुरुगन ने स्वतंत्रता का दुरुपयोग नहीं किया है। सुनवाई के दौरान सबसे खास टिप्पणी न्यायमूर्ति ओका ने की, अगर चुनाव से पहले हम यूट्यूब पर आरोप लगाने वाले सभी लोगों को सलाखों के पीछे डालना शुरू कर देंगे, तो कल्पना कीजिए कि कितने लोगों को जेल होगी? वाकई आज के समय में सरकार या राजनेताओं के विरुद्ध बोलने या सवाल उठाने वालों की संख्या कम नहीं है और अनेक यूट्यूब चैनल पर लोग सीधे आरोप लगा देते हैं, कुछ लोग तो दोषी होने का फैसला भी सुना देते हैं। वैसे, क्या लोकतंत्र में आलोचकों का मुंह बंद किया जा सकता है? क्या कोई सरकार यूट्यूब पर प्रतिबंध लगाकर कुख्याति मोल लेना चाहेगी? आज देश में जितने भी स्मार्टफोन हैं, सभी में यूट्यूब एप अनिवार्य रूप से रहता है। शायद ही कोई ऐसा स्मार्टफोन धारक होगा, जो यूट्यूब न देखता होगा। यह बात भी बार-बार सामने आई है कि यूट्यूब ने लोगों को अभिव्यक्ति की आजादी का अवसर ही नहीं दिया है, बल्कि उसका विस्तार भी किया है। वीडियो बनाने और उसे लोगों तक पहुंचाने की इस आजादी के नकारात्मक पहलू खूब हैं, किंतु सकारात्मक पहलुओं की ही ज्यादा चर्चा होनी चाहिए। लोकतंत्र में बहुत हद तक अभिव्यक्ति की आजादी लोगों के विवेक पर ही निर्भर है। इस मामले में भी न्यायालय ने यही माना है कि मुरुगन ने विरोध प्रदर्शन और अपने विचार व्यक्त करके अपनी स्वतंत्रता का दुरुपयोग नहीं किया है। कोई शक नहीं कि अदालत ने यथोचित उदारता का परिचय दिया है। स्मार्टफोन और सोशल मीडिया के दौर में लोगों को भी ज्यादा उदार बनने की जरूरत है। किसी वीडियो की शिकायत करते हुए सावधानी बरतना जरूरी है। इस मामले में शिकायतकर्ता द्रमुक का सदस्य है और उसने रावण नामक यूट्यूब चैनल पर याचिकाकर्ता का भाषण सुना, जिसमें मुख्यमंत्री स्टालिन का मजाक उड़ाया गया था। शिकायतकर्ता को यह बुरा लगा और पुलिस ने उसकी शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करके अक्तूबर 2021 में मुरुगन को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, इस मामले का त्रासद पक्ष यह है कि यह विवाद निचले स्तर पर ही सुलझाया जा सकता था, लेकिन यह सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंच गया। न्याय तक पहुंचने में काफी समय लग गया। गौर कीजिए, नवंबर 2021 में मद्रास हाईकोट ने मुरुगन को जमानत दे दी थी, पर बाद में उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने जमानत रद्द कर दी थी। उसके बाद 2022 में सर्वोच्च न्यायालय ने मुरुगन को अंतरिम जमानत दी और तब से वह जमानत पर बाहर हैं। अब जाकर उन्हें राहत की सांस मिलेगी। सूचना प्रौद्योगिकी के नए दौर में यह एक ऐसा आदर्श मामला है, जिससे हम काफी कुछ सीख सकते हैं। आज निंदा में शालीनता व संतुलन का होना जितना जरूरी है, उससे कहीं ज्यादा जरूरी है, शिकायत से पहले निंदा पर समझदारी से सोचना।*

# जानिए क्या होती है विश्वमाया और विष्णुमाया, इनसे चलता है पूरा संसार

**अध्यात्म**

मनुष्य दुनिया में आया है परमपुरुष की ओर चलने के लिए, उन्हीं को पाने के लिए। मनुष्य की इस यात्रा में जीव और परमपुरुष के बीच बाधा डालने वाली शक्तियों को कहते हैं माया। एक जीव का मन आगे बढ़ना चाहता है, पर उसके सामने आ जाती हैं तरह-तरह की मोहक वस्तुएं, तरह-तरह के आकर्षण। इनके चलते वह जैसा चाहता है, वैसा कर नहीं पाता। जैसा सोचना चाहता है, वैसा सोच नहीं सकता। वह चाहता है कि इस विषय पर सोचूं, पर मन मन बार-बार वहां से हट जाता है। वह चाहता है कि इस विषय पर नहीं सोचूं, तो उसका मन उसी विषय पर बार-बार चला जाता है। यह जो बाधा डालने वाली शक्ति है उसे कहते हैं, अणुमाया। जो माया सर्वजैविक स्तर पर काम करती है, उसे कहते हैं महामाया। जो माया विश्व, ब्रह्मांड स्तर पर काम करती है, अव्यक्त जगत और व्यक्त जगत सर्वत्र काम करती है, उसे कहते हैं विश्वमाया। जो माया जीव को शिव से, परमपुरुष से मिलने में सहायक होती है, उसे कहते हैं विष्णुमाया। ये जो म की अभिव्यक्तियां हैं, उनसे बचने का उपाय क्या है? उनसे बचने का उपाय है, उपासना के माध्यम से परमपुरुष के पास पहुंच जाना।

साधक कहता है, 'परमपुरुष, तुम मेरे साथ हो, मेरे कर्म में, मेरे वचन में, मेरी चिंता में सबमें तुम रहो और मुझको बल दो, सही तरह से चलने में मदद करो। हर बात में मैं तुम्हें मानूंगा, मानता रहूंगा। यह है अभिध्यान। योजना लक्ष्य है, पर काम पूरा होगा अभिध्यान, यानी इस भाव से कि उनकी भावना लेता रहूंगा, उनके सिवा और किसी का भाव नहीं लूंगा। मनुष्य विद्वान हो या मूर्ख, पढ़ा-लिखा हो या अनपढ़, सभी को याद रखना चाहिए कि उनका लक्ष्य, उनका ध्येय एकमात्र परमपुरुष हैं। मनुष्य की विद्या, उसकी अविद्या, उसकी मूर्खता सब कुछ एक ही जगह पहुंच जाती है, परमपुरुष के पास। विद्वान की विद्वता भी सत्कार्य नहीं है, मूर्ख की मूर्खता भी पैर की बेड़ी नहीं है। सबके लिए परमपुरुष के प्रति भक्ति ही अंत तक रह जाएगी। वही उपादेय है।

इस दार्शनिक चर्चा का उद्देश्य यह समझाना है कि संसार की सभी वस्तुएं नश्वर हैं, यहां तक कि मानसिक शक्ति भी। अगर आज कोई बड़ा विद्वान है, जो कल पागल हो जाता है तो लोग उसे विद्वान नहीं कहेंगे, पागल ही कहेंगे। जो स्थायी चीज है, वह है भक्ति। परमतत्व, परमपुरुष देश काल पात्र के परे हैं और भक्ति की बदौलत तुम उन तक पहुंचते हो। जब तुम भक्ति की बदौलत उन तक पहुंचते हो तो भक्ति अवश्य ही देश, काल और पात्र के परे है। भक्ति ही अंत तक तुम्हारे साथ रहेगी। यही सही मित्र है। इसलिए भक्ति को ही हमेशा मजबूत बनाना चाहिए। बचपन से ही उसे मजबूत बनाना चाहिए।

विद्या-बुद्धि सब कुछ धरती पर ही रह जाएगी, साथ चलेगी सिर्फ भक्ति। इसलिए भक्ति में प्रतिष्ठित हो जाओ, काम हो जाएगा। परमपुरुष से यदि कुछ मांगना हो तो यह मांगो, 'मुझे पराभक्ति दो, मैं तुमसे और कुछ नही चाहता हूं।' याद रखो, भक्ति ही जीवन के लिए सर्वस्व है। जिनके पास भक्ति है, उनके पास सब कुछ है, जिनके पास भक्ति नहीं है, उनके पास सब कुछ रहने के बावजूद उनकी आत्मा रेगिस्तान है। उनसे कोई बड़ा काम नहीं होगा, उनसे कोई छोटा काम भी नहीं हो सकता।

*रामनवमी महोत्सव के लिए पधारे कथा व्यास डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री का हिसार में भव्य स्वागत*

# श्रीराम कथा कभी पुरानी नहीं होती, इसमें बनी रहती हमेशा नवीनता : कथा व्यास डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री

*कटला रामलीला कमेटी आज से 17 अप्रैल तक करवाएगी संगीतमय श्रीराम कथा, 17 अप्रैल को निकलेगी भव्य रामनवमी शोभा यात्रा*

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 अप्रैल :** श्री रामलीला कमेटी कटला के रामनवमी महोत्सव के लिए गुरुधाम-जटारीधाम से पधारे कथा व्यास डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री का हिसार के अग्रसेन भवन में भव्य स्वागत किया गया। कटला रामलीला के पदाधिकारियों ने डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री को फूल मालाएं पहनाकर व पुष्पवर्षा करके अपनी आस्था व्यक्त की। इस दौरान श्री रामलीला कमेटी कटला के प्रधान सुरेंद्र लाहौरिया, महासचिव राजेश बंसल, उपप्रधान कुलप्रकाश गोयल बंटी एवं कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र बंसल (नेताजी), रामनिवास गर्ग, दिनेश डाबड़ा, राजकुमार मित्तल, धर्मवीर रतेरिया, अनूप बिंदल, विनोद कंसल व ओमप्रकाश मित्तल सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद रहे। कथा व्यास डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री ने कहा कि श्रीराम कथा कभी पुरानी नहीं होती। इसमें हमेशा नवीनता बनी रहती है। उन्होंने कहा कि जैसे सूर्य का प्रकाश, गंगा का जल और अच्छा मित्र कभी पुराना नहीं होता, इसी भांति भगवान की कथा भी कभी पुरानी नहीं होती।



इस अवसर पर श्री रामलीला कमेटी कटला के प्रधान सुरेंद्र लाहौरिया व महासचिव राजेश बंसल ने बताया कि श्री रामलीला कमेटी कटला के 127वें रामनवमी महोत्सव को लेकर समस्त नागरिकों में काफी उत्साह है। 9 से 17 अप्रैल तक हिसार के महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित होने वाले इस महोत्सव में प्रतिदिन दोपहर 3.15 बजे से सायं 7 बजे तक ब्रजवासी डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री जी संगीतमय पावन श्रीराम कथा करेंगे। 17 अप्रैल को प्रातः 9.15 बजे अग्रसेन भवन से भव्य रामनवमी शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभा यात्रा महाराजा अग्रसेन भवन से चलकर मुख्य बाजारों से होते हुए वापस अग्रसेन भवन पहुंचेगी। इसके उपरांत दोपहर 12.15 बजे से श्रद्धालुओं के लिए अटूट भंडारे का आयोजन किया जाएगा। संगीतमयी पावन श्रीराम कथा के प्रथम दिन मंगलवार को गोभक्त व समाजसेवी कृष्ण कुमार गोरखपुरिया मुख्यातिथि होंगे। इस दौरान बाढड़ा की विधायक नैना चौटाला भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। विवेक गोयल, अवनिंद्र बंसल, डॉ. अजय गुप्ता, डॉ. ललिता राजवंशी, डॉ. राजीव राजवंशी, मनोज अग्रवाल, कमल सर्राफ, देव कुमार गर्ग, धर्मपाल मित्तल व सुनील गोयल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। 9 अप्रैल को प्रथम दिन वंदना प्रकरण, शिव चरित्र व भारद्वाज-याज्ञवल्क्य संवाद रहेगा। दूसरे दिन 10 अप्रैल को श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

# भारत विकास परिषद, वीर शाखा, हिसार ने हवन यज्ञ द्वारा नए वर्ष का अभिनंदन किया

**हिंदू नव वर्ष के दिन से ही नव कार्यों और नवरात्रों का भी शुभारंभ होता है : डॉ. रमेश आर्य**



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 अप्रैल :** भारत विकास परिषद, वीर शाखा, हिसार के तत्वावधान में नव संवत्सर 2081 के पावन अवसर पर सेक्टर 13 स्थित कार्यालय पर हवन यज्ञ द्वारा नए वर्ष का अभिनंदन किया गया। महाराज विक्रमादित्य द्वारा शुरू किए गए हिंदू नव वर्ष की परंपरा का निर्वहन करते हुए वीर शाखा के वीर सदस्यों द्वारा आज 8 अप्रैल 2024 को प्रकल्प प्रमुख जगतपाल शास्त्री द्वारा वैदिक विधि विधान से हवन करके नए वर्ष का स्वागत किया गया। शाखा के अध्यक्ष डॉ तिलक राज आहूजा ने सभी सदस्यों को नव वर्ष की बधाई दी। सचिव डॉ रमेश आर्य ने बताया कि हमें हिंदू नव वर्ष का अभिनंदन अवश्य करना चाहिए क्योंकि वास्तव में इसी दिन से नव कार्यों और नवरात्रों का भी शुभारंभ होता है। इस अवसर पर डॉ सतीश वर्मा, वी. डी. भूटानी , मदन लाल यादव, डॉ. महिपाल यादव, चंद्रभान वर्मा सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

# एलडीएसडी पब्लिक स्कूल, हांसी के विद्यार्थियों ने देखी 'The Lost Girl' फिल्म



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 9 अप्रैल :** स्थानीय एल. डी. एस. डी. पब्लिक स्कूल शाखा पी. सी. एस. डी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल हांसी के विद्यार्थियों को हिसार मिराज सिनेमा में 'The Lost Girl' फिल्म दिखाने के लिए ले जाया गया। इस फिल्म की शूटिंग पिछले दिनों एल. डी. एस. डी. पब्लिक स्कूल व पी. सी. एस. डी. सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में ही हुई थी। फिल्म में विद्यालय स्टाफ तथा बच्चों की भी किरदार के रूप में भूमिका है तथा फिल्म की हीरोइन विद्यार्थी के रूप में एल. डी. एस. डी. विद्यालय में ही पढी थी। इतना ही नहीं फिल्म के निर्माता, निर्देशक व प्रोडयूसर भी पी.सी.एस.डी. विद्यालय के छात्र रह चुके हैं। विद्यालय मुख्याध्यापिका श्रीमती मंजू रानी तथा विद्यार्थी अपने आप को फिल्म में किरदार के रूप में बड़े पर्दे पर देखकर खुशी से झूम उठे। इस अवसर पर उपस्थित दोनों विद्यालयों की डायरेक्टर श्रीमती गुंजन गोयल ने कहा कि ये हमारे विद्यालय के लिए बड़े गर्व की बात है कि हमारे विद्यालय में पढ़े छात्र अलग-अलग क्षेत्रों में प्रतिभा दिखा रहे हैं। इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ भी उपस्थित रहा तथा विद्यालय प्रबंधक समिति के सचिव प्रसिद्ध समाजसेवी श्री ओम कुमार गर्ग ने बच्चों को फिल्म से प्रेरणा लेकर मानवता के पथ पर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

# नवरात्रे के शुभ अवसर पर प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर के नाम की शिला की निर्माणाधीन मुख्यद्वार पर की स्थापना

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 अप्रैल :** प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा व प्रथम नवरात्रे के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अपने घरों से लाए हुए निशान माता के दरबार में अर्पित करके अपनी आस्था व्यक्त की। इसके साथ-साथ श्रद्धालुओं ने मंदिर से अखंड जोत लेकर अपने-अपने घरों में दीप प्रज्जवलित किए। ये दीप नवरात्रों के दौरान अखंड रूप से प्रज्जवलित रहेंगे। नवरात्रे के शुभ अवसर पर मां चण्डके देवी मंदिर के निर्माणाधीन मुख्यद्वार पर मंदिर के नाम से सुसज्जित शिला को स्थापित किया गया। मां चण्डके देवी सेवा समिति के प्रधान जगदीश तायल, महंत आनंद शास्त्री, सुनील नारंग व बिजेंद्र किनाला ने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा व नवरात्रों के अवसर पर पंचग्राम पाबड़ा व अन्य क्षेत्रों से काफी संख्या में भक्तगण मंदिर में पहुंचे और माता के दरबार में हाजिरी लगाई। उन्होंने बताया कि कई महीनों से मंदिर के मुख्यद्वार का निर्माण कार्य जारी है। मुख्द्वार की नक्काशी व भव्यता देखने लायक होगी। इसी संदर्भ में मुख्यद्वार पर 70 टन से अधिक वजन की मंदिर के नाम वाली शिला को विधि-विधान से स्थापित किया गया। उन्होंने बताया कि मुख्यद्वार के निर्माण पर लगभग 40 लाख रुपये लागत



आएगी। प्रधान जगदीश तायल ने बताया कि नवरात्रों में महंत आनंद शास्त्री, प्रदीप शास्त्री व पुरुषोत्तम शास्त्री के सान्निध्य में पूजा-पाठ का आयोजन हो रहा है। इस दौरान पूजा-पाठ के मुख्य आचार्य अमरजीत शास्त्री के साथ स्वामी सच्चिानंद महाराज, राजेश शास्त्री, लीलूराम शास्त्री व उमेद शास्त्री पूजा-पाठ में सहभागी रहे। उन्होंने बताया कि छठी के दिन 14 अप्रैल को माता का रात्रि जागरण रहेगा। इस जागरण में भजन गायक मां की महिमा का गुणगान करेंगे। नवरात्रों के दौरान हर रोज सात्विक प्रसाद की व्यवस्था भी मंदिर में रहेगी।

**पाठक ध्यान दें...**

**दैनिक पाठकपक्ष के समाचारों को आप हमारी वैबसाइट pathakpaksh.com और फेसबुक पेज pathak paksh पर भी रोजाना पढ़ सकते हैं।**


**Name Change**

I, Pawan Jindal R/o H. No. 115, Sector 16-17, Hisar declare that I have changed the name of my daughter from Niyiti Jindal to Niyati Jindal for all purpose.

- Deponent

**Name Change**

I, Divya Sangwan W/o Anshul Malik R/o H. No. 1242 Sector 26 Panchkula 134116 (Haryana) declare that I have changed the name of my minor daughter from Taamira Malik to ZOEI SANGWAN MALIK for future purpose.

- Deponent


# सुण मौल्लड़ की



भाजपा के साथ गठबंधन के कारण जजपा का नुक्सान भी हो रहा है- नैना चौटाला

**लाभ अर हानि गेल गेल चालैं सैं।**

# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** दिन शुभ रहेगा। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को लाभ होगा। सबको साथ लेकर चलने की कोशिश करेंगे।
**वृषक :** कोई नया कार्य आरंभ करे। हो सके तो यात्रा को टाल दे। महत्वपूर्ण निर्णय लेने से बचे। लक्ष्मी माता की पूजा करे।
**मिथुन :** आकस्मिक धन लाभ होगा। स्वास्थय में सुधार होगा। शत्रु परास्त होंगे।
**कर्क :** कार्यक्षेत्र में बदलाव का मन बनेगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मेहनत का पूरा लाभ मिलेगा।
**सिंह :** भाग्योदय के अवसर प्राप्त होंगे। राजकीय मामले पक्ष में होंगे। जरूरतमंदों की सहायता कर प्रसन्नता होगी।
**कन्या :** किसी अंजान व्यक्ति पर भरोसा न करे। खान-पान में साधानी रखे, पेट संबंधी समस्या उत्पन्न हो सकती है। कार्य में अवरोध उत्पन्न होंगे। दुर्गा माता की पूजा करे।
**तुला :** कारोबारी यात्रा से लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ संबंधों में मधुरता बढेगी। मूड रोमांटिक बना रहेगा।
**वृश्यिक :** विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। बेवजह विवाद करने से बचे। सावधनी पूर्वक कार्य करे। भगवान हनुमान जी की पूजा करे।
**धनु :** विद्यार्थियों को मनचाहे परिणाम प्राप्त होंगे। मित्रों का साथ प्रसन्नता देगा। मन में उत्साह बना रहेगा।
**मकर :** कार्यस्थल पर अपमान होने का भय है। फिजूल की बहस करने से बचे। वाहन चलाते समय सावधानी रो। भगवान शिव जी पूजा करे।
**कुंभ :** व्यक्तित्व में निखार आएगा। लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण निर्णय लाभकारी साबित होंगे।
**मीन :** आय में बढौतरी संभव है। शुभ समचार प्राप्त होंगे। अटकी योजना शुरू करने में कामयाबी मिल सकती है।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

## कर्म का मर्म

# आप जैसे है वैसे ही खुद को स्वीकार करें

एक बार दो जेबकतरों ने अपना वेश बदला और जेतवन में महात्मा बुद्ध के प्रवचन सुनने पहुंच गए। वहां प्रवचन सुनने आए लोगों में दोनों ने जगह बना ली। उनमें से एक जेबकतरा बुद्ध की बातें ध्यान से सुनने लगा। कुछ ही देर में उसने तय कर लिया कि अब जीवन में बुद्ध के बताए मार्ग पर ही चलना है। वहीं दूसरा जेबकतरा ऐसे लोगों को खोजता रहा, जिनकी जेब काटी जा सके। धर्मसभा में उसे एक सेठ मिल भी गया। सेठ के वस्त्र रत्नजड़ित थे। दूसरे जेबकतरे ने सेठ के कपड़ों में से रत्न और सोना काटकर निकाल लिया। उसे लेकर वह बाजार में गया और बेच आया। बेचने से उसे जो पैसे मिले, उससे उसने रात में एक से बढ़कर एक पकवान बनाए। वहीं दूसरा जेबकतरा सुधर चुका था, मगर उसके घर में पैसों की कमी थी। उस रात उसके घर में साधारण सा भोजन भी नहीं बन पाया। उसने रात भूखे रहकर काटी। सुबह हुई तो चोरी करने वाले जेबकतरे ने अपने मित्र का बहुत मजाक उड़ाया। वह बोला, 'तुम तो खुद को बहुत महान समझते हो। अब कहां गई तुम्हारी सारी महानता? तुम अपने लिए भोजन का भी इंतजाम नहीं कर पाए।' अब मित्र ने सोचा कि काम तो इसने गलत किया, पर अच्छे-अच्छे पकवान इसी ने खाए,



जबकि मुझे भूखे रहना पड़ा। वह वापस शास्ता के पास जेतवन पहुंचा और उन्हें पूरी बात बताते हुए पूछा, 'भंते, मैं उसकी तरह क्यों नहीं सोच पाता? वैसा सोचता तो शायद मैं भी आज सुखी होता।' बुद्ध बोले, 'तुम जैसे हो, वैसा खुद को स्वीकार किया- यही सबसे बड़ी बुद्धिमत्ता है। किसी और की तरह बनने की कोशिश करते रहोगे तो न अपनी तरह से जी पाओगे और न उसकी तरह बन पाओगे। जैसे हो वैसा ही खुद को स्वीकार करो, वहीं से उत्थान के द्वार खुलते हैं।'




# हकृवि लगातार अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के सहयोग से कृषि तकनीक को कर रहा सुदृढ़ : प्रो. बी. आर. काम्बोज

## वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि मंडल ने किया विश्वविद्यालय दौरा

### वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि मंडल ने किया हकृवि के विभिन्न स्थलों का दौरा

*आस्ट्रेलिया के प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न स्थलों का दौरा किया। इन स्थलों में ग्राफ्टिंग यूनिट, दीन दयाल उपाध्याय जैविक उत्कृष्टता फार्म, टिशू कल्चर लैब, रोबोटिक लैब तथा हाइड्रोपोनिक तकनीक का दौरा कर हकृवि के वैज्ञानिकों से अनुसंधान एवं तकनीक के बारे में जानकारी प्राप्त की।*

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 अप्रैल :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं आस्ट्रेलिया की वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि मंडल की विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज की अध्यक्षता में विभिन्न महत्वाकांक्षी विषयों को लेकर एक बैठक आयोजित हुई। आस्ट्रेलिया के प्रतिनिधि मंडल में हॉक्सबरी इंस्टीट्यूट फॉर द एनवायरनमेंट, प्लांट फिजियोलॉजी के प्रोफेसर डेविड टिश्यू, प्लांट साइंस के प्रो. औला घन्नौम, सॉयल इकोलॉजिस्ट डॉ. उफ़ेनीगार्ड नील्सन, वरिष्ठ अनुसंधान कार्यक्रम अधिकारी, वेस्टर्न सिडनी इंटरनेशनल नेविटास एजुकेशन सर्विसेज प्रा. लिमिटेड नई दिल्ली से डॉ. कोपल चौबे शामिल रहे। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि संयुक्त प्रतिनिधि मंडल द्वारा शैक्षणिक गतिविधियों के आदान-प्रदान, टिकाऊ खेती, आपदा-जोखिम प्रबंधन, वैश्विक चुनौतियों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने जैसे विभिन्न विषयों पर विस्तार से बातचीत की गई। प्रतिनिधि मंडल ने संरक्षित खेती हेतु नवीन समाधानों, कृषि क्षेत्र को प्रभावित करने वाली प्राकृतिक आपदाओं, अत्याधुनिक अनुसंधान और प्रौद्योगिकियों के अतिरिक्त पर्यावरण से संबंधित खतरों की भविष्यवाणी तथा आपसी बातचीत के माध्यम से इन खतरों को रोकने के लिए संयुक्त कार्य योजना तैयार करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि हकृवि लगातार अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के सहयोग से कृषि तकनीक को सुदृढ़ कर रहा है। प्रो. काम्बोज ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल के साथ अनुसंधान, एकेडमिक, संयुक्त एमआरईएस, डयूल डिग्री प्रोग्राम की प्रगति, प्रत्यक्ष पीएचडी डयूल डिग्री कार्यक्रम और दोनों तरफ से डब्ल्यूएसयू और हकृवि के बीच अनुसंधान, शैक्षणिक गतिविधियों पर सहयोग को लेकर और अधिक गति प्रदान करने पर विचार विमर्श किया गया। कुलपति की अध्यक्षता में प्रतिनिधि मंडल ने वैज्ञानिकों एवं



स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के साथ संरक्षित खेती एवं जल के उपयोग से संबंधित नवीन तकनीकों के बारे में भी चर्चा की। इसके अतिरिक्त जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण में आ रही गिरावट से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए कारगर कदम उठाने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर ओएसडी डॉ.अतुल ढींगड़ा, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता, डॉ.के.डी.शर्मा, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.एस.के.पाहुजा, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. मंजु महता, अंतर्राष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा, सूत्रकृमि विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल वत्स, डॉ. देवराज, डॉ. इन्दु अरोड़ा, डॉ. अनिल यादव, डॉ. रीना, डॉ. विनोद गोयल, डॉ. गणेश उपाध्याय, डॉ. अनुज व डॉ. पथम कीर्ति उपस्थित रहे।

# भाजपा के हाथों ही अनुसूचित जाति वर्ग के हित सुरक्षित : सत्यप्रकाश जरावता

## हिसार लोकसभा क्षेत्र का दौरा करके अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ने की अपील

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 अप्रैल :** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा है कि भाजपा के नेतृत्व व शासनकाल में ही अनुसूचित जाति के हित सुरक्षित है। केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण व उत्थान के लिए अनेक योजनाएं चलाई है। सत्यप्रकाश जरावता हिसार लोकसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में जनसभाएं कर रहे थे। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला के लिए वोटों की अपील करते हुए जनता, खासकर अनुसूचित जाति समाज के लोगों से अपील की कि केन्द्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होंने कहा कि पूर्व की यूपीए व



कांग्रेस की सरकारें केवल वोट बैंक के लिए अनुसूचित जाति वर्ग का इस्तेमाल करती थी। अनुसूचित जाति वर्ग को उसका वास्तविक हक केवल भाजपा ने ही दिया है, जिससे इस वर्ग का सामाजिक व राजनीतिक उत्थान हुआ है। उन्होंने कहा कि लगभग 10 वर्ष के शासनकाल में केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं शुरू की है, जिनका सीधा फायदा इस वर्ग को मिल रहा है। हिसार लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेंद्र सपड़ा ने बताया कि इस दौरान नंगथला गांव में बहादुर सिंह नंगथला व बरवाला में सत्यवान बालक ने बनभौरी रोड पर कार्यक्रम करवाए। उन्होंने बताया कि दौरे के दौरान सत्यप्रकाश जरावता के साथ मोर्चा जिला अध्यक्ष राजकुमार इंदौरा, जिला प्रभारी सुरेश दनौदा, संत कबीर शिक्षा समिति से जोगीराम खुंडिया, रविदास सभा से एसपी चालिया, बहादुर सिंह नंगथला व सत्यवान बालक सहित अन्य नेता भी मौजूद रहे।

# उपायुक्त ने क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज फसल खराबे के आंकड़ों की वेरिफिकेशन की

## कहा, फसल खरीद के दौरान किसानों को न आने दी जाए कोई परेशानी





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 अप्रैल :** उपायुक्त प्रदीप दहिया ने सोमवार को क्षेत्र के विभिन्न गांवों के खेतों का दौरा कर क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज फसल खराबे के आंकड़ों की वेरिफिकेशन की। खेतों में निरीक्षण करते हुए उन्होंने किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को भी सुना। उपायुक्त ने किसानों को बताया कि फसल खराबे की रिपोर्ट क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज करवाना जरूरी है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि फसल खराब होने के सही आंकड़े दें ताकि मंडी में फसल बेचने जाएं तो कोई परेशानी न आए। उपायुक्त प्रदीप दहिया ने पटवारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे क्षतिपूर्ति पोर्टल के बारे में किसानों को जागरूक करें, साथ ही पटवारी खेतों में मौके पर जाकर स्वयं निरीक्षण भी करें। इस कार्य में ढिलाई कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके उपरांत उपायुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि मंडी में सरसों व गेहूं ब्रिकी के लिए आने वाले किसानों की मूलभूत सुविधाओं का पूरा ध्यान रखते हुए संबंधित विभाग आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि सरकार ने इस वर्ष सरसों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 5 हजार 650 रुपए प्रति क्विंटल और गेहूं की फसल के लिए 2 हजार 275 रुपए प्रति क्विंटल रेट निर्धारित किया हुआ है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे मंडियों में फसल खरीद के लिए निर्धारित किए गए मापदंडों को सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करें, ताकि किसानों को परेशानी न उठानी पड़े। मंडी में आने वाले किसानों की सुविधा के अनुसार पूरा ध्यान रखा जाएगा। किसानों के लिए मंडियों में पेयजल, शौचालय, छाया सहित अन्य आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मंडियों में बारदाने की भी पूरी व्यवस्था रखें, ताकि फसल उठाने में परेशानी का सामना न करना पड़े।

# मुस्तैदी से चुनावी ड्यूटी करें एसएसटी व एफएसटी उड़नदस्ते : अतिरिक्त उपायुक्त

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 अप्रैल :** निष्पक्ष व स्वतंत्र लोकसभा चुनाव संपन्न करवाने के मद्देनजर कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया द्वारा एसएसटी व एफएसटी उड़न दस्ते का गठन किया गया है। यह टीमें जिला की सीमाओं पर अवैध शराब, मतदान प्रभावित करने वाली संदिग्ध वस्तुओं व अधिक मात्रा में नकदी पर पैनी नजर रख रही हैं। यह बात अतिरिक्त उपायुक्त नीरज ने सोमवार को नलवा विधानसभा के एसएसटी व एफएसटी उडन्दस्तों की बैठक की अध्यक्षता के दौरान कही। उन्होंने टीम को निर्देश दिए कि गैर



कानूनी गतिविधि पकड़े जाने पर कार्रवाई करते हुए तुरंत एआरओ को इसकी सूचना दें। लोकसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चाक चौबंद है। चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि के खिलाफ तुरंत प्रभावी एक्शन लेने के लिए एक्शन प्लान तैयार कर लागू किया गया है। यह टीमें चुनाव प्रभावित वाली संदिग्ध वस्तुओं के प्रवाह, कैश व नकदी आदि पर निगरानी रखेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन तंत्र स्वतंत्र, निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से चुनाव संपन्न करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। जिला मुख्यालय से लेकर पंचायत स्तर तक जीरो टॉलरेंस नीति को अपनाते हुए कहीं पर भी अवैध शराब की बिक्री नहीं होनी चाहिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि चुनाव प्रबंधन की दृष्टि से हिसार जिले की काफी बेहतर छवि है, जिसे बरकरार रखना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। इसलिए अधिकारी अपने कार्य को बेहतर तरीके से करते हुए अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जो भी नगदी अथवा अवैध शराब जब्त की जाती है तत्काल प्रभाव से उसकी सूचना ग्रुप में सांझा करें।

# सफाई कर्मचारी यूनियन ने मांगों पर कोई ध्यान नहीं देने पर जताया एचएयू प्रशासन के प्रति रोष, संघर्ष की दी चेतावनी

## प्रशासन ने यूनियन की कोई मांग नहीं की पूरी, मांग पत्र को लेकर प्रशासन द्वारा कोई बैठक नहीं किए जाने से खफा हैं सफाई कर्मचारी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 अप्रैल :** सफाई कर्मचारी यूनियन की बैठक प्रधान कालू राम की अध्यक्षता में हुई जिसमें कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने भाग लिया। यूनियन के महासचिव जोगिन्द्र सिंह टांक ने बताया की नई कार्यकारिणी को बने हुए लगभग एक साल से ज्यादा समय हो चुका है लेकिन एचएयू प्रशासन ने यूनियन के मांग पत्र पर कोई बातचीत नहीं की है। एचएयू प्रशासन के समक्ष रखी गई मुख्य मांगों 100 सफाई कर्मचारी अतिरिक्त लगाने, मैट्रिक पास मेट की प्रमोशन एसआई व डब्ल्यू आई करने व कच्चे कर्मचारियों का अनुभव प्रमाण पत्र लगाने सहित सभी मांगें अधूरी हैं। यूनियन के मांगपत्र पर एचएयू प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाया है और न ही मांग पत्र को लेकर एक बार भी बैठक बुलाई है। महासचिव जोगिन्द्र टांक ने बताया कि यूनियन के मांग पत्र को लेकर एचएयू प्रसाशन ने नकारात्मक रवैया अपना रखा है और इसे लेकर एक बार भी बैठक नहीं बुलाई गई है। कर्मचारियों की सभी मांगें अधूरी हैं इसके चलते सफाई कर्मचारियों में भारी रोष है और युनियन अब संघर्ष का रास्ता अपनाने के लिए तैयार है जिसकी सारी जिम्मेवारी एचएयू प्रसाशन की ही होगी। बैठक में कैलाश जेदिया वरिष्ठ उपप्रधान, चन्द्र बोस सहसचिव, सुभाष चन्द उपप्रधान, कमल सिलेलान प्रेस सचिव, छत्रपाल सचिव, बन्टी, सिताराबाई, राजरानी, रूपचन्द, जगदीश, सरला देवी, वीर कुमार के अलावा अनेक सफाई कर्मचारियों ने भाग लिया।

# हाईटेक तरीके से लोकसभा चुनाव कराने की तैयारियों में जुटा भारत निर्वाचन आयोग

## सुविधा पोर्टल से चुनाव प्रचार से संबंधित विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के लिए मिलेगी ऑनलाइन परमिशन

### सुविधा पोर्टल पर राजनीतिक दल व उम्मीदवार अनुमति के लिए कर सकते हैं ऑनलाइन अनुरोध

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सुविधा पोर्टल के माध्यम से राजनीतिक दल और उम्मीदवार ऑनलाइन अनुमति अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, सभी हितधारकों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए ऑफ़लाइन सबमिशन विकल्प भी उपलब्ध है। पोर्टल में एक ऐप भी है जो आवेदकों को वास्तविक समय में अपने अनुरोधों की स्थिति को ट्रैक करने में सक्षम बनाता है, जिससे प्रक्रिया में और अधिक सुविधा और पारदर्शिता आती है। इसके अतिरिक्त इस पोर्टल पर रैलियों के आयोजन, अस्थायी पार्टी कार्यालय खोलने, घर-घर जाकर प्रचार करने, वीडियो वैन, हेलीकॉप्टर, वाहन परमिट प्राप्त करने व पर्चे बांटने सहित विभिन्न गतिविधियों की अनुमति प्राप्त की जा सकती है।

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 अप्रैल :** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के युग में भारत निर्वाचन आयोग हाईटेक तरीके से लोकसभा आम चुनाव कराने की तैयारियों में जुटा हुआ है। उन्होंने बताया कि इस बार के लोकसभा आम चुनावों के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने कई मोबाइल ऐप व पोर्टल लॉन्च किए हैं, जिससे चुनाव प्रक्रिया से संबंधित गतिविधियों के क्रियान्वयन में आयोग के साथ-साथ राजनीतिक पार्टियों व उम्मीदवारों को सुविधा होगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लॉन्च किए गए सुविधा पोर्टल (suvidha. eci. gov. in) के माध्यम से चुनाव प्रचार गतिविधियों के लिए ऑनलाइन अनुमति मिलेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सुविधा पोर्टल एक तकनीकी समाधान है, जो स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावों के लोकतांत्रिक सिद्धांतों को कायम रखते हुए सभी को समान अवसर सुनिश्चित करता है। इस सुविधा पोर्टल के माध्यम से चुनाव अवधि के दौरान राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से अनुमति और सुविधाओं के अनुरोध प्राप्त करने तथा उन पर कार्रवाई करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया गया है।

# सर्वसम्मति से विक्रम सिंह ढिंगसरा राज्य प्रधान और विनोद कुमार दड़ौली बने महासचिव

## भवन निर्माण श्रमिक संघ हिसार मंडल की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से हुआ चुनाव

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 अप्रैल :** हरियाणा राज्य भवन निर्माण श्रमिक संघ हिसार मंडल का तीसरा सम्मेलन अध्यक्ष मंडल का. विक्रम सिंह राज्य प्रधान भवन निर्माण, का. एम एल सहगल उपप्रधान एटक, का. विनोद कुमार की अध्यक्षता में स्थानीय कुम्हार धर्मशाला में सम्पन्न हुआ।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में एटक के राज्य प्रधान का. पहल सिंह व राज्य महासचिव का. अनिल पवार एडवोकेट सम्मिलित हुए। सम्मेलन में भवन निर्माण श्रमिक संघ मंडल के महासचिव का. विनोद कुमार ने अपने कार्यकाल की रिपोर्ट पेश की, जिसका सभी ने समर्थन किया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता का. पहल सिंह व का. अनिल पवार एडवोकेट ने कहा कि हमें अपने संगठन को और अधिक मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में वोट की चोट मारने का काम करना है ताकि सरकार को यह समझ आ जाए कि जब-जब मजदूर, कर्मचारी व किसान का शोषण हुआ है तब-तब परिवर्तन की लहर आई है।

सम्मेलन में का. अनिल पवार एडवोकेट की देखरेख में भवन निर्माण राज्य की नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया जिसमें सर्वसम्मति से विक्रम सिंह ढिंगसरा को राज्य प्रधान, विनोद कुमार दड़ौली को महासचिव, वजीर चंद कार्यालय सचिव, सतीश नाहड़ कोषाध्यक्ष, दिलबाग सोंधा वरिष्ठ उपप्रधान, सूबे सिंह किकराल उपप्रधान, बलजीत सिंह पनिहारी प्रचार सचिव, रोहतास नायक सचिव, वेदप्रकाश सहसचिव, पवन कुमार महेंद्रगढ़, हेमराज व धर्मवीर भट्टू कलां संगठन सचिव, श्यामलाल सहसचिव, रानी महिला प्रधान, मनिता उपप्रधान, पूनम सचिव, ज्योति रेवाड़ी प्रचार सचिव, मुकेश कुमार रेवाड़ी सचिव चुने गए।

सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों एटक के उपप्रधान कॉमरेड एम एल सहगल बधाई दी और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया।

सम्मेलन में का. कुलदीप सिंह उपप्रधान एटक, का. सतपाल नैन, का. अजय कुमार महासचिव एटक रेवाड़ी, का. सतीश नाहड़, का. नरेश कुमार गोयल रिटायर्ड कर्मचारी संघ, भवन एवं अन्य निर्माण कामगार यूनियन सबंधित आईसीटीयू के राज्य प्रधान आजाद सिंह मिरान व राज्य महासचिव का. राजेश चौबारा, मंडी आदमपुर के पूर्व चेयरमैन सुखबीर डूडी सहित सभी जिला व तहसील कमेटी सदस्य शामिल हुए।

# जरूरतमंद बच्चों को नए शैक्षणिक सत्र में हमारा प्यार हिसार संस्था ने स्टेशनरी वितरित की

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 अप्रैल :** नयी कक्षाओ में पढ़ाई आरंभ हो चुकी है। हमारा प्यार हिसार ग्रुप ने जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए स्टेशनरी वितरण के अपने अभियान को आगे बढ़ाते हुए आज सुबह सैक्टर 16/17 के प्राईमरी स्कूल में जाकर लगभग 138 बच्चों को विभिन्न विषयों की नोटबुक, पैंसिल, रबड़, शार्पनर व अन्य जरूरत की सामग्री वितरित की। इस स्कूल मे अधिकांश बच्चों के माता- पिता प्रवासी मजदूर हैं और वे आसपास झुग्गी झोपड़ियों में रहते हैं। उल्लेखनीय है कि हमारा



प्यार हिसार संस्था स्कूलों में अभावग्रस्त बच्चों को सर्दियों में स्वेटर, जुराब- जूते एवं जरूरत की स्टेशनरी बच्चों को निशुल्क उपलब्ध करवाती है। ऐसे में संस्था के सदस्यों को मालूम हुआ कि नया सत्र शुरू होने के दौरान इन बच्चों के पास पर्याप्त स्टेशनरी न होने के कारण इनकी पढ़ाई बाधित होती है, ऐसे में बच्चों को पढ़ाई का नुकसान ना हो, संस्था ने आज स्कूल के सभी लगभग 138 बच्चों को बुनियादी अध्ययन सामग्री उपलब्ध करवायी। इस अवसर पर सदस्य कमल भाटिया, आदेश मलिक, हरीश भाटिया, त्रिलोक बंसल, सत्येन्द्र यदुवंशी, विजय कादयान एवं प्रिंसीपल रीटा मलिक, अध्यापिका मुन्नी देवी सहित स्टाफ के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

*'सँवारी जा नहीं सकती, शकल बीते हुए पल की, मिले इक बार जो सागर, मिटे ना खार उस जल की'*

# महिला काव्य मंच इकाई हिसार द्वारा ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 अप्रैल :** महिला काव्य मंच इकाई हिसार द्वारा एक ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मंच संचालन मंच की उपाध्यक्ष डिम्पल सैनी ने किया। गोष्ठी की शुरुआत मंच की अध्यक्ष सीमा शर्मा के मधुर स्वरों में माँ वीणापाणि की वंदना से की गयी। कवयित्री रिम्पी अंकुर लीखा ने अपने मधुर स्वरों में 'सँवारी जा नहीं सकती, शकल बीते हुए पल की, मिले इक बार जो सागर, मिटे ना खार उस जल की' रचना सुनाकर सब का दिल जीत लिया। मंच की उपाध्यक्ष कवयित्री डिम्पल सैनी ने अपनी रचना 'कई रातों की सुगंधित कहानियां मुझे ले पहुँची घने जंगलों के बीच, माथे पर मणि साजे सैकड़ों सांपों से लिपटे चंदन के उन पेड़ों से मैं भी लिपट जाती....अगले ही पल मुझे गोद में उठाकर वो ढ़ेर सारे नाग अपने फनों पर झूला झुलाते' सुना भाव विभोर कर दिया। हिसार इकाई की अध्यक्ष कवयित्री सीमा शर्मा ने अपनी बेहतरीन कविता 'खुद को खुदा समझते हैं ये लोग पत्थर के, मन काले लिए मुख से राम राम लोग बोलते हैं...कर लो भलाई कितनी खुद भी, बिक जाओ भले, नेकी को डुबो देते खुद को भला लोग बोलतें हैं' प्रस्तुत कर सराहना पायी। मंच की सचिव कवयित्री ऊषा ठकराल ने अपनी कविता 'कटुता ने एक दिन कहा मिठास से, कैसे इतनी मीठी हो तुम, और कैसे सदा रहती हो मुस्काती, क्यों क्रोध नहीं आता तुम को कभी भी, क्यों मन की बात ज़ुबान पर नही लाती' सुनाई। कवयित्री दिव्या कालड़ा ने अपनी कविता 'लिखना एक एहसास है ऐसा एक अपनेपन जैसा, जो समझता है पर दिखता नहीं, जो सुनता है सुनाता नहीं, उजाले की तलाश में मैंने लिखना शुरू किया' प्रस्तुत की। कवयित्री करुणा मुंजाल ने अपनी रचना 'जीवन को इठलाते देखा जीवन को मुस्काते देखा, प्रत्येक परिवेश में खुद को मिलाते देखा, रंगों के संग से खुशियों को पाते देखा' प्रस्तुत की। कवयित्री अरुणा आहूजा ने अपनी कविता 'आज कुछ यूँ ही बैठी थी, सोचा कि उठाऊँ लेखनी, चलाऊँ कलम और कर लूं पूरी हसरत, क्योंकि बड़ी शिद्दत से निकाली है फ़ुर्सत' प्रस्तुत कर मुक्त कंठ से प्रशंसा पायी। कवयित्री स्नेह प्रेमचंद ने 'महिमा मंडित भले ही ना करो नारी को,वह जैसी है, उसे वैसी ही रहने दो बात है जो भी दिल में उसके वह बात तो खुल कर कहने दो' सुनाकर नारी मन को उजागर किया।

# एसएचओ राजेश कुमार ने अपने पुत्र अक्षय का जन्मदिन भूमि आश्रम में बुजुर्गों संग मनाया




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 अप्रैल :** साइबर क्राइम, कुरुक्षेत्र के एसएचओ राजेश कुमार ने अनाज मंडी के नजदीक बने भूमि आश्रम में रह रहे जरुरतमंद लोगों के साथ अपने पुत्र अक्षय का जन्मदिन मनाया। एसएचओ राजेश कुमार ने बताया कि पुत्र अक्षय जो ऑस्ट्रेलिया में पढ़ने के लिए गया हुआ है, का आज जन्मदिन है। उन्होंने अपने परिवार के साथ भूमि आश्रम में पहुंचकर आश्रम में रहे बुजुर्गों को अपने हाथों से भोजन करवाया त्थे पुत्र अक्षय का जन्मदिन उन्हीं से संग मनाया। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे लोगों के लिए तन, मन, धन से या अन्य किसी भी तरीके से, सेवा करनी चाहिए। हिसार शहर में यह भूमि आश्रम मानवता और इंसानियत के लिए जो कार्य कर रहा है, वह तारीफे काबिल है। उन्होंने आश्रम से जुड़े सभी लोगों का उत्साह बढ़ते हुए कहा कि वे सभी सदस्य इसी तरह असहाय और जरुरतमंद लोगों की सेवा में तत्पर रहें। अक्षय की माताजी ने कहा कि हमें अपने बच्चों का जन्मदिन या अन्य कोई खुशी का अवसर आश्रम में आकर मनाना चाहिए ताकि यहां रहने वाले लोगों को भी अपनापन मिल सके। ऐसा करने से मन को बहुत खुशी मिलती है।

# नाम मेरे भोलेनाथ का जिस जिस ने पुकारा है.. ..

## *हनुमान मंदिर बुधला संत स्थान में आध्यात्मिक सत्संग का दूसरा दिन*



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 अप्रैल :** हनुमान मंदिर बुधला संत स्थान, ऋषि नगर के 68वें वार्षिक महोत्सव एवं नव वर्ष विक्रमी सम्वत्सर पर्व के दूसरे दिन आयोजित सत्संग में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महामंडलेश्वर संत शिरोमणि बालयोगिनी साध्वी करुणागिरी महाराज, हरिद्वार वालों ने प्रवचन देते हुए आज सोमवती अमावस के उपलक्ष में शिव पुराण की चर्चा की। उन्होंने कहा कि बेलपत्र पर ओम नमः शिवाय लिखकर भोलेनाथ पर चढ़ाने से भोले शंकर खुश हो जाते हैं। बेलपत्र न भी हो तो खाली जल चढ़ाने से भी भोलेनाथ अपने भक्त पर प्रसन्न हो जाते हैं। अपने नाम के अनुरुप भोलेनाथ अत्यंत भोले हैं। पल भर में हर किसी पर पूरी कृपा बरसाते हैं। उन्होंने नाम मेरे भोलेनाथ का जिस जिस ने पुकारा है.. .. गाकर श्रद्धालुओं को झूमने के लिये मजबूर कर दिया। साध्वी करुणागिरी महाराज ने कहा कि हर साल की तरह हिंदू नव वर्ष चैत्र माह से शुरु होता है। हिंदू नव वर्ष का पहला दिन चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को माना जाता है। इसे ही आम भाषा में नव संवत्सर कहा जाता है। हिंदू नव वर्ष को ऐतिहासिक दृष्टि से विक्रम संवत के नाम से भी जाना जाता है। देश के कई हिस्सों में लोग नए साल की शुरुआत होने पर इसे अलग-अलग तरह से धूमधाम से मनाते हैं। मंगलवार से शुरु हो रहे नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए साध्वी करुणागिरी ने कहा कि अच्छे कर्म करो ताकि सुनहरा भविष्य हो सके। आज की सत्संग सभा में प्रधान राजकुमार सेतिया, बहन रुपा बाई महिला सत्संग मंडल, बहन मोहन देवी सत्संग मंडल, सुशील गोयल, सुरेंद्र बजाज, विजय आहुजा, नारायण दास बंसल, जगत हिंदुजा, डॉ. राज पाराशर, प्रसाद वितरण सेवा मंडल नरेश वधवा, दीपक पोपली, राजू साहिल, विक्की बांगा, लवली तनेजा, अंकित वलेचा, विक्की चांदना, अशोक नागपाल, शैंकी वलेचा, गीतांश, सुरेश वधवा, इंद्रजीत नागपाल, अशोक, भाई चरणजीत, सतपाल असीजा, ओमप्रकाश असीजा सहित सैंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# श्री राधा कृष्ण बड़ा मंदिर का मासिक अमावस्या का भंडारा लगाया गया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 अप्रैल :** श्री राधा कृष्ण बड़ा मंदिर में अमावस्या का मासिक भंडारा बड़े ही धूमधाम से लगाया गया। मंदिर के महंत पं. राहुल शर्मा ने बताया कि हर वर्ष चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को सोमवती अमावस्या रही। यह बड़े सौभाग्य की बात होती है। मान्यता के अनुसार पांडवों को भी अपने जीवन काल में समोती अमावस्या के दर्शन नहीं हुए थे। सोमवती अमावस्या भगवान शिव की पूजा आराधना स्नान, दान और पितृ दोष से मुक्ति पाने के लिए विशेष फलदायी मानी जाती है। इस दिन पितरों के निमित्त दान दक्षिणा और पिण्ड दान करवाने से घर में सुख-समृद्धि आती है। इस बार अमावस्या के भंडारे में खीर, पूरी व आलू की सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया। भंडारे में बाला, पम्मी, ज्योति, श्वेता, ज्योति मित्तल, चंद्रकला, विजय मित्तल, धीरज बंसल, प्रदीप गुप्ता, नरेश, चंद्रभान, सज्जन सैनी, दीपक शर्मा, रजत कंसल, सुरेंद्र, सतीश, अनिल बत्रा, प्रभु बंसल, दीपक, प्रवीन व पवन कुमार आदि ने सेवा की।

# ओशो ध्यान उपवन में साधकों ने सीखे समग्रता से जीवन जीने के उपाय

## *समग्रता को अपनाने वाले इंसान के जीवन में उत्साह व ऊर्जा की कोई कमी नहीं रहती : स्वामी संजय*



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 अप्रैल :** ओशो ध्यान उपवन में समग्रता पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में साधकों ने हिस्सा लिया। यहां पर साधकों को न केवल समग्रता से जीवन जीने के उपाय समझाए गए बल्कि ध्यान लगाने की विधियों का अभ्यास भी करवाया गया। तनाव, अवसाद व निराशाभरे माहौल के बीच उल्लास, आनंद व उमंगभरे जीवन की कल्पना को साकार करने के बारे में विस्तार से समझाया गया। ध्यान सत्र के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि समग्रता में ही जीवन के उल्लास का सार छिपा है। उन्होंने कहा कि इंसान रोजमर्रा की जिंदगी और अपने दायित्वों को निभाते हुए नीरसता की तरफ अग्रसर होता जाता है। इस कारण उसका जीवन उबाऊ व बोझिल बन जाता है। मनुष्य का किसी काम में मन नहीं लगता और बेचैनी घेरने लगती है, इसके विपरीत समग्रता को समझने वाला इंसान हर माहौल में उत्साहित होकर अपने में तल्लीन रहता है। स्वामी संजय ने कहा इंसान के मन में एक ही समय में अनेक विचार चलते रहते हैं। वह शारीरिक रूप से तो घर, ऑफिस या अपने व्यावसायिक स्थल पर होता है लेकिन उसका मन कहीं और ही उड़ान भर रहा होता है। इसलिए समग्रता को समझने की आवश्यकता है। दरअसल ध्यान क्रिया सीखने से शरीर व मन एकसाथ होते हैं और मनुष्य अपने आप को नवऊर्जा से परिपूर्ण महसूस करता है। उन्होंने बताया कि सतगुरु ओशो ने समग्रता पर विस्तार से समझाया है। संत ओशो ने कहा कि है कि मनुष्य के मन के साथ मुश्किल यही है कि वह हमेशा आंशिक होता है। एक हिस्सा सुन रहा होता है और बाकी शायद कहीं और होता है। उसमें एक विभाजन पैदा होता है और इस विभाजन से ऊर्जा का अपव्यय होता है। संत ओशो ने समझाया है कि इसलिए जब कुछ भी करो तो उसमें पूरे प्राण डाल दो। जब मनुष्य कुछ भी नहीं बचाता, यहां तक कि छोटा सा हिस्सा भी, तब मनुष्य समग्र हो सकता है। स्वामी संजय ने बताया कि सिरसा रोड पर स्थित ओशो ध्यान उपवन में समय-समय पर ध्यान सत्र एवं ध्यान शिविर आयोजित किए जाते हैं। इन शिविरों में साधकों को ध्यान की सरल विधियां सिखाई जाती हैं।

# धूमधाम से मनाया गया सेठ सांवरिया निःशुल्क ताली कीर्तन मंडल का द्वितीय वार्षिक उत्सव

## *विश्व विख्यात भजन गायक जयशंकर चौधरी ने देर रात तक रंग जमाया*



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 अप्रैल :** सेठ सांवरिया निःशुल्क ताली कीर्तन मंडल द्वारा शिव मंदिर (नजदीक टीटू हलवाई ), उत्तम नगर में द्वितीय वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। उत्सव में श्याम बाबा का विशेष श्रृंगार करके दरबार सजाया गया। देर रात तक चले कीर्तन के दौरान लोग घंटों झूमते रहे। मंडल के सेवादार विकास सैनी व बिट्टू गुप्ता ने बताया कि डॉ. जगदीश (जेडीएम) ने मुख्यातिथि के रुप में ज्योत प्रज्जवलित की। उत्सव में विश्व विख्यात भजन सम्राट जयशंकर चौधरी कोलकता वाले के अलावा भजन गायक सुशील गुप्ता, प्रवीण अग्रवाल, कृष्ण गाबा व तनुश्री ने श्याम बाबा का गुणगान किया। गाये गये भजनों में झाड़ो दे दे श्याम, जाटनी मर जाएगी...., जिनको- जिनको सेठ बनाया वो क्या रिश्तेदार ठें..., दर्जी सीम दे निशान मन्ने खाटू जाना से..., साथी हमारा कौन बनेगा, तुम न सुनोगे तो कौन सुनेगा..., हम बिक गए खाटू के बाजार में...,भगत के वश में है भगवान..., बाजरे की रोटी खाले श्याम के चूरमा न भूल जावेगा..., दुनिया में दातार बहुत है..., गर जोर मेरो चाले..., तोसे यो मंदिर ना छूटे मोसे यो घर बार ना छूटे..., मीठा छोड़ दे सांवरिया... आदि शामिल रहे। भजनों पर देर रात तक श्रद्धालु झूमते रहे। इस अवसर पर संजय महाराज हिसार वाले, विष्णु पंडित, कुणाल पंडित, दीपक गर्ग, रामनिवास राडा, एन. के. गोयल, संजीव शर्मा, पारस शर्मा, जतिन सैनी गोल्डी, राजेश सैनी, प्रीतम सैनी, बबलू सैनी के अलावा सैंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# वैज्ञानिक काल गणना पर आधारित पुरातन संस्कृति का सार है हिन्दू नववर्ष

**-पाठकपक्ष डेस्क-**

हिन्दू नववर्ष यानी विक्रम संवत 2081 का 09 अप्रैल 2024 मंगलवार से शुरू हो रहा है, हिन्दू पंचाग के अनुसार चैत्र महीने की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नववर्ष की शुरूआत होती है, इस तिथि को नवसंवत्सर भी कहा जाता है। महाराष्ट्र और कोंकण में इसे गुड़ी पड़वा के नाम से जाना जाता हैं जिसे बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा को गुड़ी पड़वा या वर्ष प्रतिपदा या उगादि (युगादि) कहा जाता है। इस दिन हिन्दू नववर्ष का आरम्भ होता है। 'गुढी' का अर्थ 'विजय पताका' होता है। कहते हैं शालिवाहन ने मिट्टी के सैनिकों की सेना से प्रभावी शत्रुओं (शक) का पराभव किया। इस विजय के प्रतीक रूप में शालिवाहन शक का प्रारंभ इसी दिन से होता है। 'युग' और 'आदि' शब्दों की संधि से बना है 'युगादि'। हिन्दू नववर्ष से ही देश में नवीन वर्ष की शुरुआत मानी जाती है। नववर्ष किसी भी व्यक्ति के जीवन में आशा एवं उत्साह का नवीन प्रकाश लेकर आता है। नववर्ष का आगमन जीवन में नवीनता का सूचक होता है एवं व्यक्ति नववर्ष के मौके पर नवीन संकल्प के माध्यम से सफलता की ओर अग्रसर होने का लक्ष्य बनाता है।



यह दिन अनेक ऐतिहासिक पलों या फिर कई घटनाओं को एक बार फिर याद करने का दिन है। वैज्ञानिक मान्यता है कि हिन्दू पंचांग व कालगणना सबसे अधिक वैज्ञानिक है। वस्तुतः नवसंवत्सर भारतीय काल गणना का आधार पर्व है जिससे पता चलता है कि भारत का गणित एवं नक्षत्र विज्ञान कितना समृद्ध है।

हमारी यह कालगणना वैज्ञानिक तथा शास्त्रशुद्ध गणना है। सृष्टि के प्रारम्भ से अब तक 1 अरब, 95 करोड़, 58 लाख, 85 हजार, 107 वर्ष बीत चुके है। यह गणना ज्योतिष विज्ञान के द्वारा निर्मित है। आधुनिक वैज्ञानिक भी सृष्टि की उत्पत्ति का समय एक अरब वर्ष से अधिक बता रहे है।भारत में कई प्रकार से कालगणना की जाती है। युगाब्द (कलियुग का प्रारंभ) श्रीकृष्ण संवत, विक्रमी संवत, शक् संवत आदि।

साधारण ग्रामीण भी चन्द्रमा की गति से परिचित है। वह जानते हैं कि आज पूर्णिमा है या द्वितीया। इस प्रकार काल गणना हिन्दू जीवन के रोम-रोम एवं भारत के कण-कण से अत्यन्त गहराई से जुड़ी है। ठिठुरती ठंड मे पड़ने वाला ईसाई नववर्ष पहली जनवरी से भारतवंशियों का कोई सम्बन्ध नही है।

प्रतिपदा हमारे लिये क्यों महत्वपूर्ण है, इसके सामाजिक एवं ऐतिहासिक सन्दर्भ भी है - यथा मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम का राज्याभिषेक, माँ दुर्गा की उपासना की नवरात्र व्रत का प्रारम्भ, युगाब्द (युधिष्ठिर संवत) का आरम्भ,उज्जयिनी सम्राट- विक्रामादित्य द्वारा विक्रमी संवत् प्रारम्भ, शालिवाहन शक् संवत् (भारत सरकार का राष्ट्रीय पंचाग), महर्षि दयानंद द्वारा आर्य समाज की स्थापना, संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार का जन्म दिवस इत्यादि चैत्र नववर्ष की सार्थकता को स्वतः ही सिद्ध करतें हैं।

नव वर्ष प्रतिपदा का दिन एक प्रकार से मौसम परिवर्तन का भी प्रतीक है। बसंत ऋतु का आरम्भ वर्ष प्रतिपदा से ही होता है। यह उल्लास, उमंग, खुशी तथा चारों ओर पीले पुष्पों की सुगन्ध से भरी होती है। इस समय नई फसलें भी पककर तैयार हो जाती हैं। नक्षत्र शुभ स्थिति में होते हैं किसी भी कार्य को प्रारम्भ करने का शुभ समय चैत्र शुक्ल प्रतिपदा ही होता है। इसी तिथि से पितामह ब्रह्मा जी ने सृष्टि निर्माण प्रारंभ किया था।



**'चैत्रे मासि जगद् ब्रह्मा ससर्ज प्रथमेऽहनि। शुक्ल पक्षे समग्रे तु तदा सूर्योदये सति।'**

इस तिथि को रेवती नक्षत्र में, विष्कुंभ योग में दिन के समय भगवान के आदि अवतार मत्स्यरूप का प्रादुर्भाव भी माना जाता है। युगों में प्रथम सत्ययुग का प्रारंभ भी इस तिथि को हुआ था। यह तिथि ऐतिहासिक महत्व की भी है, इसी दिन सम्राट चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने शकों पर विजय प्राप्त की थी और उसे चिरस्थायी बनाने के लिए विक्रम संवत का प्रारंभ किया था। इस वर्ष

नवसंवत्सर 2081 और शक संवत 1946 का प्रारंभ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा दिनांक 9 अप्रैल 2024 मंगलवार से हो रहा है। इस बार कालयुक्त नाम संवत्सर रहेगा जिसका राजा मंगल, मंत्री शनि रहेगा। संवत्सर का प्रारंभ रेवती-अश्विनी नक्षत्र, वैधृति योग में होगा।

जिस तरह प्रत्येक माह के नाम नियुक्त हैं, जैसे चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, अगहन, पौष, माघ और फाल्गुन, उसी तरह प्रत्येक आने वाले वर्ष का एक नाम होता है। 12 माह के 1 काल को संवत्सर कहते हैं और हर संवत्सर का एक नाम होता है। इस तरह 60 संवत्सर होते हैं।

वस्तुतः ठोस गणितीय और वैज्ञानिक काल गणना पद्धति पर आधारित हिन्दू नववर्ष हमारी पुरातन संस्कृति का सार है। आज जिसका प्रयोग मात्र धार्मिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र तक ही सीमित रह गया है। आवश्यकता इस बात की है कि हम इसे दैनिक जीवन में भी अपनाएं और धूम धाम से शास्त्रीय विधान के साथ अपना नववर्ष मनाएं।

**-डॉ. पवन शर्मा**

# कांग्रेस का घोषणा पत्र जनहितैषी : छत्रपाल सोनी

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 9 अप्रैल :** 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा जारी घोषणा पत्र में की गई पांच न्याय घोषणा जनता के हित में मिल का पत्थर साबित होगी। कांग्रेस के इस घोषणा पत्र में पार्टी हिस्सेदारी न्याय जिसके तहत जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस की सरकार आने पर एससी, एसटी, ओबीसी की जनगणना करवा कर उनका पूरा हक दिए जाने की बात की गई है। वहीं किसान न्याय में स्वामीनाथन फार्मूले के अनुसार एमएसपी को कानून का दर्जा देकर किसानों को कर्ज के दलदल से निकलने के लिए एक स्थाई ऋण माफी आयोग की स्थापना करने किसानो को फसलों का मुआवज़ा भुगतान 30 दिन में करने और कृषि के काम में आने वाले यंत्रों पर जीएसटी बिल्कुल खत्म किए जाने की घोषणा की है। इसी प्रकार श्रमिक न्याय में आवश्यक दवाएं, सर्जरी, उपचार सामग्री बिल्कुल



मुफ्त दिए जाने की घोषणा कांग्रेस द्वारा की गई है, जिसमें मनरेगा के श्रमिकों के लिए मिनिमम 400 रूपए प्रति दिन की मजदूरी की गारंटी दी गई है। युवाओं के लिए युवा न्याय लागू करने की घोषणा करते हुए 30 लाख नौकरियां जो केंद्र में खाली पड़ी है तुरंत भर्ती करना, प्रत्येक शिक्षित युवा को एक साल अप्रेंटिस द्वारा 100000 रूपए सालाना और 5000 करोड रुपए का स्टार्ट अप कोष स्थापित करने की घोषणा की गई है। एक और जहां भाजपा सरकार में नारी के साथ लगातार हो रहे अन्याय और उत्पीडन को देखते हुए नई न्याय की घोषणा करते हुए गरीब परिवार में एक महिला को सालाना 100000 रूपए की राशि उनके खाते में डालना, आधी आबादी को उनका हक देने देने के लिए केंद्र सरकार की सभी भर्तियों में 50 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण देना, आशा वर्कर, आंगनवाड़ी वर्कर, मिड डे मील बनाने वाली महिलाओं का केंद्र के वेतन में योगदान दोगुना करना, महिलाओं के कामकाजी हॉस्टल की संख्या देश में दोगुना करने की घोषणा करने से पूरे देश में आज कांग्रेस की लहर चल पड़ी है। इस पांच न्याय को हरियाणा प्रदेश में जन-जन तक पहुंचाने के लिए जहां एक और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान हरियाणा प्रदेश के अभूतपूर्व मुख्यमंत्री नेता प्रतिपक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा लगातार हरियाणा प्रदेश में रैली के माध्यम से प्रचार कर रहे हैं। वहीं युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत बने राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा लगातार हरियाणा प्रदेश में युवाओं के साथ मिलकर जन-जन तक पांच न्याय को पहुंचाने का काम कर रहे। आज हरियाणा प्रदेश की जनता सभी चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के दस साल के कार्यकाल मे किए गए विकास कार्यो को याद कर रही है। आने वाले लोकसभा चुनाव मे चौ.भूपेंद्र सिंह हुड्डा, चौधरी उदयभान और भाई दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व मे कांग्रेस सभी दस लोकसभा सीट जीतेगी।

# ऐतिहासिक होगी 10 अप्रैल को गाँव कैमरी में होने वाली रैली : डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 9 अप्रैल :** डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा कि 10 अप्रैल को नलवा विधानसभा क्षेत्र के गाँव कैमरी में होने वाली भाजपा की रैली अब तक की सबसे बड़ी रैली होगी। इस रैली में हलके के विभिन्न गांवों और शहरी क्षेत्र के लोग पहुंचेंगे। रैली के न्यौते के लिए अभी तक दो दर्जन गांवों व शहरी क्षेत्र के दौरे किए जा चुके हैं। इसके लिए विभिन्न कमेटी गठित की गई है, जो लगातार जनसंपर्क अभियान चलाए



हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के चलते देश की तस्वीर बदली है, पूरे विश्व में देश का मान बढ़ा है। जनता का सरकार में विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। गंगवा ने कहा कि पिछले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी साढे तीन लाख वोटों से हिसार संसदीय क्षेत्र से चुने गए थे, इस बार भाजपा प्रत्याशी चौधरी रणजीत सिंह चौटाला चार लाख से भी अधिक वोटों से हिसार का चुनाव जीतेंगे।

# गांवों में जाने को तरसे भाजपा-जजपा नेता : योगेश सिहाग

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 9 अप्रैल :** कांग्रेस जिला प्रवक्ता एडवोकेट योगेश सिहाग ने आज एक बयान जारी कर कहा कि भाजपा-जजपा नेताओं को अब अपनी करनी का फल भुगतना पड़ रहा है, जिसके चलते अब वो गांवों में जाने से तरस रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा-जजपा सरकार ने पिछले साढ़े चार साल म अपनी मांगों को लेकर



आवाज उठा रहे किसानों की आवाज को कुचलने के लिए लाठी व गोली का प्रयोग किया गया और आंसू गैस छोड़ी गई। किसानों को रोकने के लिए प्रदेश की सड़कें खोद दी गई और कंकरीट की दीवारें खड़ी कर दी गई। कांग्रेस जिला प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा-जजपा सरकार ने किसानों की आवाज को दबाने के लिए हरसंभव कोशिश की। उन्होंने कहा कि अब समय किसानों का है। भाजपा-जजपा नेता अब गांवों में जाकर वोट की अपील करना चाह रहे हैं, लेकिन वो किसानों के सवालों का जवाब नहीं दे पा रहे हैं। इसलिए भाजपा और जजपा नेताओं का गांवों में विरोध हो रहा है। उन्होंने कहा कि हिसार में भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह चौटाला और जेजेपी नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का विरोध इसका उदाहरण है। कांग्रेस जिला प्रवक्ता एडवोकेट योगेश सिहाग ने कहा कि हिसार लोकसभा सीट सहित प्रदेश में अनेक लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों को अब खुलकर विरोध हो रहा है।

# सरस्वती संगीत महाविद्यालय एंड योग सेंटर में संगीत की क्रियात्मक परीक्षाएं संपन्न




पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 9 अप्रैल :** नगर के मुल्तानी चौक स्थित सरस्वती संगीत महाविद्यालय एंड योग सेंटर में विगत दिवस संगीत प्रारंभिका से लेकर संगीत विशारद तक की प्रैक्टिकल परीक्षाएं संपन्न करवाई गई। इसमें विभिन्न प्रकार के विषय जैसे गायन - वादन- नृत्य- योग - कविता- फाइन आर्ट पेंटिंग/ ड्राइंग रहे। कार्य परीक्षक के रूप में पटियाला (पंजाब) से आए श्रीमान मनमोहन शर्मा जी ने पाठ्यक्रम के आधार पर परीक्षाओं का मूल्यांकन किया। कार्य परीक्षक ने छात्र एवं छात्राओं को संगीत के प्रति प्रोत्साहित किया और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। महाविद्यालय के निदेशक ने बताया कि यह परीक्षाएं वर्ष में दो बार संपन्न करवाई जाती हैं वार्षिक एवं अर्धवार्षिक। परीक्षा के दौरान बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। महाविद्यालय की प्राचार्या अविनाश कौर ने बताया कि यह सभी परीक्षाएं सरकारी एवं गैर सरकारी पदों के लिए मान्य है और यह डिग्री और डिप्लोमा विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ भी कर सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि महाविद्यालय का मुख्य उद्देश्य संगीत का प्रचार- प्रसार करना ही नहीं बल्कि समय-समय पर मंच उपाधियां देना भी है। उन्होंने बताया कि अब महाविद्यालय ने योग विषय को भी अपने अन्य विषयों में सम्मिलित किया हुआ है और आपसे उम्मीद रखते हैं कि जैसे आप हमें अब तक सहयोग देते आए हैं वैसे ही आप इस योग विषय को भी हमें आगे बढ़ाने में योगदान देंगे। इस अवसर पर प्राचार्या अविनाश कौर ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# विद्या भारती पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने हिंदी ओलंपियाड में जीते पदक



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 9 अप्रैल :** हिंदी ओलिंपियाड फाउंडेशन की ओर से विद्यालय स्तर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलिंपियाड प्रतियोगिता में विद्या भारती पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा पहली से दसवीं तक के छात्रों ने भाग लिया, जिसमें कक्षा पहली के छात्र दिवित, कक्षा तीसरी की छात्रा मीनू, कक्षा चौथी की छात्रा हिमांशी, कक्षा पांचवीं की छात्रा अनाया, कक्षा सातवीं की छात्रा भूमिका व सुहानी, कक्षा नौवीं की छात्रा लक्ष्मी, कक्षा दसवीं के छात्र आर्यन व आदित्य ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा सातवीं की छात्रा मुस्कान ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक प्राप्त किया। कक्षा सातवी की छात्रा श्रेया ने तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या गुरप्रीत कौर ने अभिभावकों, छात्रों एवं हिंदी विभाग के अध्यापकों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि इस तरह के ओलंपियाड के आयोजन से विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता का आंकलन, शुद्ध वर्तनी एवं भाषा संबंधी ज्ञान में वृद्धि के साथ-साथ विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति एक नई उमंग प्रेरित होगी।

# आईडी डीएवी पब्लिक (सीनियर सेकेंडरी) स्कूल में नव संवत्सर के अवसर पर यज्ञ का आयोजन

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 9 अप्रैल :** डाबड़ा रोड स्थित आईडी डीएवी पब्लिक(सीनियर सेकेंडरी) स्कूल के प्रांगण में नव संवत्सर के अवसर पर डी.ए.वी. एच.आर. ज़ोन-ई की क्षेत्रीय सहायक अधिकारी श्रीमती सुनीता बहल के मार्गदर्शन में यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम गर्ग ने अध्यापकों एवं छात्रों के साथ ईश्वर के स्तुति परक वैदिक मंत्रों से 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' के भाव से यज्ञ में आहुतियां डालकर नववर्ष का शुभारंभ किया। समग्र विद्यालय परिसर वैदिक मंत्रों की ध्वनि से गुंजित एवं यज्ञ आहुतियों से सुगन्धित हो गया था। इस अवसर पर छात्रों ने मन को आनंदित करने वाले सुंदर-सुंदर भजनों का भी आनन्द लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम गर्ग ने अपने वक्तव्य



में छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हिन्दू नववर्ष का आरम्भ चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होता है इसे नव संवत्सर कहा जाता है। इस नववर्ष का आरम्भ दिन में सूर्योदय के साथ होता है और इस समय प्रकृति में भी बहुत से सकारात्मक परिवर्तन होते हैं, ऋतु परिवर्तन होता है। अतः सब प्रकार से नववर्ष के आगमन का सबसे अनुकूल समय यही है जिसे हमारे पूर्वज सदियों से मना रहे हैं । हमारी वैदिक सनातन संस्कृति पूर्णतः वैज्ञानिक है और गौरव करने योग्य है। उन्होंने विद्यार्थियों को नववर्ष विक्रम सम्वत 2081 के प्रथम दिवस पर अपना शुभाशीष प्रदान किया और कहा कि विद्या को ग्रहण करने में सदैव तत्पर रहें और अविद्या के त्याग का संकल्प करें।

# जल संघर्षसमिति ने निर्माणाधीन राणा माइनर का किया औचक निरीक्षण : दिलबाग हुड्डा लुदास

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 9 अप्रैल :** गत दिवस संयुक्त जल संघर्ष समिति की पूरी टीम राणा माइनर के ऊपर पक्का करने का काम चला हुआ है वहा पहुंची और 66 नंबर पुल के साथ जो घाट बना हुआ है उसका निरीक्षण किया गया। उसके साथ-साथ जो निर्माणाधीन राणा माइनर है उसका निरीक्षण किया गया। मौके पर पूरी जांच पड़ताल की गई और उसमें सभी जो कि मजदूर या मिस्त्री वगैरह जो लगे हुए थे उनसे जो इसके अंदर मटेरियल लगाया जा रहा है उसकी रेशों का भी पता किया गया और महकमे के अधिकारियों से भी बात करके यह पता किया कि बताओ यह कार्य कितने पूरा हो जाएगा, तो इस पर अधिकारियों ने यह आश्वासन दिया कि जो अब पानी की बंदी चली हुई है। इसके अंदर-अंदर ही इकाई है सही प्रकार से इसके अंदर सही मेटीरियल लगाया जाएगा, कोई किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी। इस मौके के संयुक्त जल संघर्ष सहित समिति के प्रधान विजेंद्र बेनीवाल और साथ में मुख्य सलाहकार दिलबाग सिंह हुड्डा लुदास, सतवीर सिंह झाझरिया उप प्रधान और रामवीर ढांड, हवा सिंह झाझरिया हिन्द्धान और यशपाल ऐंडी और सोमवीर और गुलाब सिंह और दूसरे साथी भी साथ में मौजूद रहे।

# राजेश हिंदुस्तानी द्वारा 5000 दिनों से तिरंगा हाथ में थामे रखने पर किए गए सम्मानित

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 9 अप्रैल :** हिसार में अनेक सामाजिक या धार्मिक संस्थाएं सामाजिक कार्यकर्ता गंगापुत्र राजेश हिंदुस्तानी को उनके हाथ में 13 वर्ष से तिरंगा रोजना कई घंटे उठाने पर सम्मान कर रही हैं। रामलीला मैदान महावीर कॉलोनी में श्याम बाबा जागरण तथा महाराजा अग्रसैन भवन में हिंदू नव वर्ष में समिति सदस्यों ने हिंदुस्तानी की निःस्वार्थ जनसेवा व तिरंगा झंडा 5000 दिनों से हाथ में उठाए रखने पर सम्मानित किया। हिंदुस्तानी कई वर्षों से हिन्दू नव वर्ष मनाते आ रहे हैं उनहेंने सबको इसकी बधाई व शुभकामनाएं दीं। राजेश हिंदुस्तानी की तिरंगा यात्रा 5000 दिनों से भी अधिक समय से जारी है। हिन्दुस्तानी लोगों में देशभक्ति की प्रेरणा हेतु जारी है वे 8 राज्यों में तिरंगा लेकर जा चुके हैं और लाखों लोगों को देशभक्ति भावना से



प्रेरित कर चुके हैं। हर दुख का सामना करते हुए भी उन्होंने तिरंगे का सम्मान रखा और सदैव गौरवपूर्ण ढंग से इसे अपने हाथों में उठाया हुआ है। हिन्दुस्तानी को महाराष्ट्र, राजस्थान व उत्तर प्रदेश से भी सम्मानित करने के लिए बुलाया गया है समय पर हिंदुस्तानी वहां जाएंगे तथा लोगो कों शहीदों के सपनों का भारत बनाने के लिए प्रेरित करेंगे ताकि देश और दुनिया का भला हो सके।

## नीलामी मछली पालन ठेका

ग्राम पंचायत बुरे, खंड हिसार-1 (हिसार) सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बूरे के दो जोहड़ों की मछली पालन हेतु नीलामी दिनांक 15.04.2024 सोमवार को सुबह 11.00 बजे पंचायत घर में की जाएगी। इच्छुक बोलीदाता निर्धारित स्थान व समय पर पहुंचकर लाभ उठाएं।

नोट : नीलामी की शर्तें व नियम मौके पर सुना दिए जाएंगे।

*खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी*
*हिसार-1*
*मो. नं. : 9996067932*

*सरपंच*
*रणबीर सिंह*
*मो. नं. : 9416439393*

muse
a designer's commune
STOCK CLEARANCE
UPTO
80%OFF
DESIGNER BRANDS IN
BOUTIQUE PRICES
Add. Muse Multi Designers Store N121 1st Floor Model Town
Gurudwara Road(above Lovely Salon) phone No 8222035555



अब बर्तन
चाँदी से चमके

डॉ. बलबीर सैनी
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स
व गुप्त रोग विशेषज्ञ
बलबीर हस्पताल
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक,
बड़वाली ढाणी,
निकट हनुमान मंदिर, हिसार
92156-88573

## बेदखली सूचना

मैं, गुड्डी पत्नी श्री रोशन लाल, निवासी गांव किरोड़ी, तह. व जिला. हिसार, हरियाणा सर्व साधारण को सूचित करती हूं कि मेरा पुत्र दीपक व उसकी धर्मपत्नी हरिन्द्र कौर मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। मैंने इन्हें अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनसे कोई भी किसी प्रकार का लेन-देन करेगा तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**-शपथकार**

## आर्य समाज स्थापना दिवस पर विशेष

# हर क्षेत्र में आर्य समाज का योगदान अविस्मरणीय

**-पाठकपक्ष डेस्क-**

आर्य समाज के स्वर्णिम इतिहास से आज हम में से कोई भी अनभिज्ञ नहीं है। नव संवत्सर के दिन 1875 में युग प्रवर्तक स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना की। किसी लेखक के यह शब्द पूर्णतः सार्थक है कि यदि राजनीतिक आजादी देश को महात्मा गाँधी ने दिलाई तो वैचारिक स्वतंत्रता का शंखनाद करने वाले महर्षि दयानंद थे। रूढ़ियों से जराजीर्ण मानसिकता वाले मानव-समाज को नवल -धवल उज्ज्वल आलोक में लाकर खड़ा करना उन्हीं का कार्य था। हम किसी भी क्षेत्र में दृष्टि उठाकर देखें तो आर्य समाज का योगदान अविस्मरणीय रहा है। समाज सुधार, शिक्षा प्रसार, दलितोंद्धार सभी में आर्य समाज की महती भूमिका रही है। राष्ट्र रक्षा और राष्ट्र के नवनिर्माण में भी आर्य समाज सर्वांगीण रहा है। जाति रक्षा के कार्य में भी आर्य समाज का अहम योगदान रहा है। जहां स्वामी दयानंद और आर्य समाज ने इस आर्य जाति (हिंदू) को हजारों वर्षो की कुंभकर्णी प्रगति निंद्रा से झकझोर कर जगाया था वहीं पर इसके अस्तित्व की रक्षा के लिए भी संघर्ष का बिगुल बजाया था। आर्य समाज के स्वर्णिम अतीत को देखकर हमारा मस्तक गर्वोन्नत हो जाता है। कोई भी संगठन अतीत के गौरव गान से संतुष्ट नहीं रहता उसे अपना आत्मलोचन व मूल्यांकन करना अति आवश्यक है कि हम किस धरातल पर खड़े हैं। आज भी गाँव या नगरों में स्थानीय आर्यसमाजों की अपनी भूमिका है। दैनिक या साप्ताहिक यज्ञ एवं




सत्संग तथा संस्कार समारोह कराकर जन-जन के लिए वैदिक विधि का मार्ग प्रशस्त करना आर्य समाज का नित्य-नैमित्तिक कार्य है।

देश के कोने-कोने में आर्य समाज के शिक्षण संस्थाओं का विस्तृत जाल फैला हुआ है। सैंकड़ों की संख्या में गुरुकुल, महाविद्यालय आदि हैं जिनमें राष्ट्रभाषा हिंदी के माध्यम से उच्च शिक्षा दी जाती है।

30 अक्टूबर 1883 को स्वामी दयानंद की मृत्यु के पश्चात आर्य समाज ने विचार किया कि उनकी याद में कुछ ऐसा कार्य करें जो आने वाली पीढ़ियों के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें। इसी संदर्भ में 1 जून 1886 में लाहौर में प्रथम डीएवी कालेज की स्थापना की गई।

वैश्विक प्रतिस्पर्धा के दौर में आधुनिक शिक्षा प्रदान करने में डीएवी निजी क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा शिक्षण संस्थान है। डीएवी वैदिक आध्यात्मिक उपदेष्टा स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों पर आधारित है।

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसके लगभग 919 संस्थान हैं जो कि प्रबंध समिति के प्रधान,पद्मश्री आर्य रत्न डॉ. पूनम सूरी जी के नेतृत्व में सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं।

डीएवी संस्थाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया है और हमारी प्राचीन धरोहर का संरक्षण किया है।

यह संस्था केवल शिक्षा देने का कार्य ही नहीं करती है बल्कि भारतीय सभ्यता संस्कृति, स्वाभिमान, वैदिक व नैतिक शिक्षा के साथ ही आदर्श भी देने का कार्य करती है। इससे बच्चों में शिक्षा, विद्या के साथ-साथ ज्ञान की अनुभूति होती है। शिक्षा का मतलब केवल किताबें पढ़ाना नहीं है बल्कि बच्चों के अंदर छिपी व्यक्तित्व, योग्यता व प्रतिभा को निखारना है।

डीएवी शिक्षण संस्थाओं ने समाज के प्रगतिशील बागवान में हर तरह के फूल साहित्यकार, संगीतकार, डॉक्टर, इंजीनियर नेता, वैज्ञानिक आदि महकाए हैं।

डीएवी बच्चों को केवल शिक्षा ही नहीं देती, बल्कि पुरातन संस्कृति के संस्कार, चरित्र निर्माण तथा आधुनिकता के साथ, तकनीक, उच्च दृष्टि और नई सोच के साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास करती है।

**-श्रीमती सुनीता बहल**
**डीएवी सहायक क्षेत्रीय अधिकारी**
**एच.आर.जॉन ई**

# मंथन अस्पताल में 14 अप्रैल को लगाया जाएगा निशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 अप्रैल :** मंथन अस्पताल में 14 अप्रैल को न्यूरोलोजी, हड्डी रोग और महिला रोगियों के लिए निशुल्क जांच शिविर लगाया जाएगा। मंथन अस्पताल के न्यूरोलोजिस्ट डॉ. रमेश वर्मा ने बताया कि नसों के रोग, हड्डी रोग, महिलाओं से संबंधित रोगों की निशुल्क जांच की जाएगी। वहीं उन्होंने गर्मी के सीजन में सावधानी बरतने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि गर्मी में घर से निकलने से पहले कुछ खाकर निकलना चाहिए। ज्यादा से ज्यादा मात्रा में पानी का सेवन करना चाहिए। धूप में निकलें तो सिर को कवर करना चाहिए। नींबू का सेवन भी करते रहना चाहिए।

मंथन अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञा डॉ. शीतल वर्मा ने बताया कि मंथन अस्पताल में 14 अप्रैल को गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क जांच शिविर लगाया जाएगा। सभी गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा। कैंप में थायरॉयड, खून की जांच निशुल्क की जाएगी। अल्ट्रासाउंड पर 30 प्रतिशत की छूट मिलेगी। वहीं 14 अप्रैल को जो गर्भवती महिला रजिस्ट्रेशन करवाएगी उसको डिलिवरी के समय 30 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को सलाह देते हुए कहा कि धूप में न निकलें, ठंडी चीजों का सेवन करें। शिविर में ऑर्थोपैडिक सर्जन डॉ. अंकित मदान भी मौजूद रहेंगे और हड्डी रोगियों की जांच करेंगे।

# बंगाल पुलिस नछ एनआईए अधिकारियों को भेज दिया समन, हाईकोर्ट पहुंची एजेंसी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 9 अप्रैल :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा उसके अधिकारियों के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी को खारिज करने की मांग की। इस मामले की सुनवाई आज बाद में न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की पीठ द्वारा किए जाने की संभावना है। यह 2022 भूपतिनगर विस्फोट जांच के सिलसिले में एनआईए और बंगाल पुलिस के बीच तनावपूर्ण गतिरोध के बीच आया है। विस्फोट के मामले में दो कथित साजिशकर्ताओं मनोब्रत जना और बेलीचरण मैती को गिरफ्तार करने गई एनआईए टीम को शनिवार को कथित भीड़ के हमले का सामना करना पड़ा। घटना में एक एनआईए अधिकारी घायल हो गया और एक वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। हालाँकि, स्थिति तब और बिगड़ गई जब मनोब्रत जाना की पत्नी मोनी जाना ने भूपतिनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।






# प्रथम नवरात्रे पर हनुमान मंदिर मंडल ट्रस्ट, मोती बाजार में प्रज्जवलित की गई सैकड़ों अखण्ड ज्योतें



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 अप्रैल :** शहर के मध्य स्थित सिद्ध श्री हनुमान मंदिर मंडल ट्रस्ट, मोती बाजार में आज प्रथम नवरात्र पर पिछले नवरात्रों की तरह, इस बार भी प्रातः मां भगवती, मां काली एवं मां संतोषी के दरबारों के सम्मुख सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाली सैकड़ों अखण्ड ज्योतें प्रज्जवलित की गई, जो नवमी तक जलती रहेंगी। सभी ज्योतें दिन-रात अखण्ड जलती रहें, इसके लिए मंदिर ट्रस्ट ने दिन व रात के लिए अलग-अलग ब्राह्मणों की व्यवस्था की है। अखण्ड ज्योतों के प्रज्जवलन के बाद मां भगवती की मंगल आरती करके भोग लगाया गया। पूरा मंदिर माता के जयकारों से गूंज उठा। उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को हलवा, छोले, पेड़ा, पेठा मिठाई, फल के प्रसाद के साथ माता के दरबार का खजाना व माताओं को अटल सुहाग की भेंट दी गई। मंदिर के प्रधान रमेश कुमार लोहिया ने बताया कि समाजसेवी विष्णु दास कोहली फर्म हवेली राम विष्णु दास कोहली ने मंदिर में फिजियोथैरेपी सेंटर खोलने के लिये विशेष सहयोग देने की घोषणा की। मंदिर ट्रस्ट ने उन्हें माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मंदिर ट्रस्ट के महासचिव अनूप गुप्ता ने बताया कि आज से मंदिर के पुजारी पंडित राजेश शास्त्री के सान्निध्य में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा श्री दुर्गा सप्तशती पाठ का भी शुभारंभ किया गया, जिनका श्रीदुर्गा अष्टमी पर हवन-कन्या पूजन व प्रसाद वितरण के साथ समापन होगा। नवरात्रों के उपलक्ष में मंदिर को मनमोहक व आकर्षक लाइटों से सजाया गया है। मंदिर में आने वाले भक्तों की अपार भीड़ को नियंत्रित करने के लिए एवं सभी भक्तों को हर संभव सहयोग देने के लिए मंदिर के पदाधिकारी सज्जन गुप्ता, अमित गुप्ता, सुदेश सोनी, संजीव शर्मा, महेन्द्र बंसल, विनोद गुप्ता, परसराम, अनिल जिंदल, प्रमोद जैन, श्याम बिहारी सिंगल, चौ. रणबीर सिंह, ओमप्रकाश गर्ग फर्नीचर वाले, पवन सिगरेट वाले, इन्द्र कुमार दवाई वाले, श्याम सुंदर चक्की वाले, रोशन गोयल, जयदेव गुप्ता जूते वाले, राधेश्याम अग्रवाल, अशोक जैन सेवानिवृत पीएनबी, त्रिलोक चंद डालमिया, सुभाष सोनी, प्रवीन बंसल मंडी रोड़, विशाल गर्ग लोहिया, सुशील गोयल तनिष्क, विपिन गोल नेहा ज्वैलर्स, राहुल जैन सरस्वती ज्वैलर्स, अवनीश बंसल एडवोकेट, महेन्द्र सिंह एडवोकेट, अंजनी सोनी, मोहनलाल सिंगल हांसी वाले, देवकीनंदन गोयल रिटायर्ड ओबीसी, भारत भूषण बंसल मंडी रोड़, प्रवीन लोहिया ऑटो मार्किट, युगल चौधरी, साहिल अरोड़ा फेवीकोल वाले, राजीव जिंदल, ज्योति मिस्त्री, अशोक बंसल बर्तन वाले, अमित बंसल बर्तन वाले, पवन डाबड़ा वाले, विनोद गुप्ता पूर्व प्रधान रामलीला कमेटी कटला आदि पूरी लगन से सेवा में लगे रहे।


प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33–एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33–एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप–सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964–72584
श्याम नागपाल : 92552–73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960–38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।


*चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर अग्रोहा धाम में विशेष पूजा पाठ*

# माता दुर्गा जी की पूजा करने से घर परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है : बजरंग गर्ग



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 9 अप्रैल :** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर अग्रोहा धाम में विशेष पूजा पाठ का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि नवरात्रि हिंदुओं का एक प्रमुख त्यौहार है जो दुर्गा माता जी की पूजा और भक्ति के माध्यम से भव्य रूप से मनाया जाता है। यह लगातार 9 दिन पूजा-पाठ का पर्व है जिसमें देशवासी मां दुर्गा जी की नौ रूप की पूजा करते हैं ताकि मन को शांति और घर परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहे। बजरंग गर्ग ने बताया कि चैत्र महीने की प्रथम तिथि को ही हिंदू पंचांग के अनुसार नववर्ष का पहला दिन माना जाता है। हिंदू मान्यता के अनुसार भगवान ब्रह्मा जी ने इसी दिन सृष्टि की रचना की थी। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम में पूजा-पाठ करने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है और माता लक्ष्मी जी की विशेष कृपा परिवार पर बनी रहती है और अग्रोहा धाम में पूर्णिमा के पावन पर्व पर 23 अप्रैल को छप्पन भोग, स्वामणी, भव्य भजन समारोह व भंडारे का कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर ऋषिराज गर्ग, पवन गर्ग, चूड़ियां राम गोयल, अनंत अग्रवाल, आशीष गुप्ता, पंजाब प्रधान मनप्रीत बंसल आदि प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें।


